RNI : RAJHIN13216/2005
दैनिक
# गरीबों का सितारा
।। दशकों पुराना साथ ।।
निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज
"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"
हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय
गणगौर पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
रमज़ान मुबारक
वर्ष: 17 अंक: 242 पेज: 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, शुक्रवार 24 मार्च, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

# वैभव गहलोत के 'वैभव' को प्रदेश की जनता का सैल्यूट

## आरसीए के स्वर्णिम युग का आगाज, क्रिकेटर और क्रिकेट प्रेमियों के हौसले बुलंद

गरीबों का सितारा

**खेल संवाददाता, जयपुर।** अगले महीने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित होने वाले आईपीएल के मैचों का गुलाबी शहर के वाशिंदे बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं क्योंकि पिछले 4 साल से जयपुर वासी स्टेडियम में बैठकर मैच का मजा नहीं लूट पाए। कोरोना महामारी की वजह से आईपीएल मैचों का शेड्यूल बिगड़ गया था। हालांकि आईपीएल मैच के आयोजकों ने कोरोना की अवधि में देश के बाहर यूएई में मैचों का आयोजन करवाया। कोरोना महामारी के फैलने की आशंका की वजह से बिना दर्शकों के देश से बाहर आईपीएल के मैच आयोजित करवाए गए हालांकि क्रिकेट प्रेमियों ने इन मैचों को टीवी पर देखा लेकिन ग्राउंड में बैठकर मैच देखने का जो मजा आता है वह मजा टीवी पर मैच देखने से नहीं आता लेकिन कोरोना महामारी से लोगों का जीवन बचाना भी बहुत जरूरी था जिसकी वजह से देश से बाहर बिना दशकों के आईपीएल मैच आयोजित कराना समय की मांग थी। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों की ओर से जारी की गई कोरोना की गाइड लाइन की पालना करना भी नितांत आवश्यक था जिसके फलस्वरूप कोरोना काल में हिंदुस्तान के क्रिकेट प्रेमी ग्राउंड में बैठकर आईपीएल मैच का आनंद नहीं उठा सके इसी क्रम में विगत 4 साल से जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में भी आईपीएल मैचों का आयोजन नहीं हो पाया इसलिए अब अगले महीने सवाई मानसिंह स्टेडियमबी में आयोजित होने वाले आईपीएल के मैचों को लेकर प्रदेश के छोटे बड़े सभी क्रिकेटर, क्रिकेट प्रेमी, होटल व्यवसाई इत्यादि सभी लोग काफी उत्सुक दिख रहे हैं क्योंकि आईपीएल के मैचों का रोमांच कुछ अलग ही होता है।

### राज्य क्रिकेट संघ में वैभव गहलोत का कार्यकाल स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा

आरसीए के अध्यक्ष के रूप में वैभव गहलोत का कार्यकाल निश्चित रूप से स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा क्योंकि गहलोत जिस समर्पण भावना और जुनून के साथ प्रदेश में क्रिकेट और क्रिकेटरों के विकास और उन्नति के लिए काम कर रहे हैं वह काफी शानदार और लाजवाब है। प्रदेश में एक तरफ जहां क्रिकेट से संबंधित विभिन्न प्रकार के टूनामेंट राज्य क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित करवाए जा रहे हैं तो दूसरी तरफ जयपुर के निकट जयपुर दिल्ली बाईपास हाईवे पर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट ग्राउंड का निर्माण काम जोर शोर से जारी है उससे प्रदेश के क्रिकेट प्रेमी तो खुश और उत्साहित है ही इसके अलावा होनहार प्रतिभावान क्रिकेट भी राज्य क्रिकेट संघ के कामकाज और कार्यशैली से काफी खुश और संतुष्ट दिख रहे हैं। जानकारों का कहना है कि वैभव गहलोत क्रिकेट की बारीकियों को बखूबी से समझते हैं गहलोत की कोशिश यही रहती है कि राजस्थान से ज्यादा से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्लेयर तैयार हो इसके लिए गहलोत उभरते हुए नौजवान खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए काफी सजग और चौकस रहते हैं और होनहार प्रतिभाओं को अच्छा प्लेटफार्म उपलब्ध करवाने के लिए हर संभव कोशिश करते रहते हैं जिसकी वजह से वह देश के छोटे बड़े सभी क्रिकेटर गहलोत की पर्सनैलिटी से काफी प्रभावित हैं।

### जय शाह की दोस्ती भी आई काम में

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह और वैभव गहलोत के बीच गहरी दोस्ती है जानकारों का कहना है कि जयपुर में आईपीएल के मैच



आयोजन करवाने के निर्णय में वैभव गहलोत और जय शाह की आपस की दोस्ती भी काम आई हालांकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली के साथ भी वैभव गहलोत के बहुत अच्छे संबंध थे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड में वैभव गहलोत का अच्छा दबदबा है इसलिए आईपीएल मैच ही नहीं बल्कि राज्य क्रिकेट संघ को जब जब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से किसी भी विषय में सहायता लेनी होती है तो वैभव गहलोत आसानी से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को अपने विश्वास में ले लेते हैं। यही वजह रही कि वैभव गहलोत ने बड़ी आसानी से जयपुर के लिए आईपीएल के मैच ले लिए।

**आईपीएल के मैचों का गुलाबी शहर के वाशिंदे बेसब्री से कर रहे इंतजार**



### आरसीए में वैभव की विराट पारी

जयपुर में आईपीएल के मैच आयोजन करवाने की मंजूरी लेना आसान काम नहीं था, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के साथ-साथ आईपीएल के आयोजकों को भी जयपुर में मैचों के लिए राजी करना राज्य क्रिकेट संघ के लिए बहुत बड़ी चुनौती थे लेकिन राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष वैभव गहलोत ने अपनी शानदार पर्सनैलिटी, कार्यशैली और मधुर व्यवहार से.बीसीसीआई के साथ-साथ आईपीएल के आयोजकों को भी जयपुर में आईपीएल के मैचों के लिए राजी कर ही लिया। जानकारों का कहना है कि भले ही वैभव गहलोत ने राजनीति में अपने पिता की तरह मुकाम हासिल नहीं किया हो लेकिन राजस्थान की क्रिकेट की दुनिया में वह अपने पिता अशोक गहलोत की तरह बड़े जादूगर निकले। यह वैभव गहलोत की चतुराई और बुद्धि कौशल का ही परिणाम है कि जयपुर में आईपीएल के 5 मैच खेले जाएंगे और इन मैचों का जयपुर वासी ग्राउंड में बैठकर आनंद ले सकेंगे।

**अपने पिता की तरह बड़े जादूगर निकले वैभव गहलोत**



**वैभव गहलोत के आरसीए में प्रयास इतिहास रचने की और अग्रसर**






### राजस्थान रॉयल्स की टीम ने आईपीएल के प्रथम संस्करण का खिताब जीता था

वर्ष 2008 में आईपीएल मैचों का शुभारंभ हुआ था इसी साल राजस्थान रॉयल्स की टीम ने आईपीएल का खिताब भी जीता था उसके बाद से अब तक राजस्थान रॉयल्स की टीम दोबारा खिताब नहीं जीत पाई है हालांकि पिछले साल राजस्थान रॉयल्स की टीम फाइनल तक पहुंची थी लेकिन फाइनल में गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हरा दिया था इसलिए इस बार राजस्थान रॉयल्स की टीम से प्रदेश के क्रिकेट प्रेमियों को उम्मीद बंधी है कि इस बार राजस्थान रॉयल्स की टीम जरूर खिताब जीतेगी राजस्थान रॉयल्स की टीम की कप्तानी संजू सैमसन कर रहे हैं।

### होटल व्यवसाई, टूरिज्म व्यवसाई सभी कारोबारी वैभव गहलोत को बोल रहे हैं 'थैंक्स'

जानकारों का कहना है कि जयपुर में आयोजित होने वाले आईपीएल के मैचों को लेकर होटल व्यवसाई टूरिज्म व्यवसाई ज्वेलरी व्यवसाय इत्यादि सभी कारोबारी काफी उत्साहित और खुश नजर आ रहे हैं वजह यही है कि जयपुर में आईपीएल के पांच मैच आयोजित किए जाएंगे इन मैचों में हिस्सा लेने के लिए कई विदेशी प्लेयर भी विभिन्न टीमों में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे इसके अलावा प्रदेश के बाहर से भी लोग आईपीएल मैच देखने के लिए आएंगे कई बड़े-बड़े वीआईपी और फिल्म जगत से जुड़े लोग भी मैच देखने आते हैं इस स्थिति में आईपीएल मैचों के दौरान गुलाबी शहर के छोटे बड़े सभी होटल के कमरे बुक हो जाते हैं इसके फलस्वरूप होटल व्यवसायियों को अच्छा मुनाफा हो जाता है साथ ही टूरिज्म के कारोबार से जुड़े लोगों का धंधा भी फट जाता है। होटल कारोबार से जुड़े लोगों का कहना है कि आईपीएल मैचों से गुलाबी शहर की फिजा बदल जाती है, जयपुर से बाहर से मैच देखने आने वाले लोग ऐतिहासिक बाजारों में जाकर खरीदारी भी करते हैं कुल मिलाकर आईपीएल मैचों के दौरान सभी की आमदनी बढ़ जाती है। इसलिए इन आईपीएल मैचों को लेकर कारोबारियों के चेहरे पर भी गजब की रौनक छाई हुई है।

## राजस्थान बीजेपी के नए अध्यक्ष बने सीपी जोशी

**बोले : मैं किसी गुट का नहीं, गहलोत सरकार को तो उसके विधायक ही घेर रहे**

गरीबों का सितारा

**जयपुर/नई दिल्ली।** बीजेपी ने विधानसभा चुनाव से आठ महीने पहले राजस्थान संगठन में बड़ा बदलाव कर चौंकाया है। सतीश पूनिया की जगह चित्तौड़गढ़ से सांसद सीपी जोशी को बीजेपी का नया प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया है। पूनिया करीब साढ़े तीन साल तक इस पर रहे। माना जा रहा था कि इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव तक पूनिया ही प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालते रहेंगे। उधर, बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद सीपी जोशी ने खुद को किसी भी गुट में होने से इनकार करते हुए सबको साथ लेकर चलने की बात कही है। जोशी ने गहलोत सरकार पर भी निशाना साधा। प्रभारी अरुण सिंह से मुलाकात के बाद दिल्ली में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, 'मैं कार्यकर्ता बनकर काम करूंगा। मैं पार्टी का कार्यकर्ता हूं, मेरे चयन का आधार भी यही नजर आता है। मैं किसी गुट का नहीं, मैं भारतीय जनता पार्टी का हूं। अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है, लेकिन मैं कार्यकर्ता के नाते कोशिश करूंगा कि सभी का मार्गदर्शन लेकर, सबका समन्वय बनाकर हम कैसे 2023 और 2024 में पार्टी को प्रचंड बहुमत दिला सकें, इसके लिए प्रयास करेंगे।' गुटबाजी और चार साल में सरकार को नहीं घेर पाने के सवाल पर जोशी ने कहा, बीजेपी विशाल परिवार है। वरिष्ठ और अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन लेंगे। राजस्थान के इतिहास में जनआक्रोश यात्रा सबसे बड़ी राजनीतिक यात्रा थी। हमारे सभी नेता गांव गांव तक गए। सरकार के खिलाफ हजारों शिकायतें मिलीं।



## मानहानि केस में राहुल गांधी को 2 साल की सजा

**सूरत कोर्ट से जमानत भी मिली; 2019 में कहा था- सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों**



गरीबों का सितारा

**नई दिल्ली/सूरत।** मानहानि केस में राहुल गांधी सुबह 11 बजे सूरत कोर्ट पहुंचे थे। जमानत मिलने के बाद वे दोपहर में दिल्ली के लिए रवाना हो गए। 'सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है...' इस बयान से जुड़े मानहानि केस में राहुल गांधी को सूरत कोर्ट ने गुरुवार को दोषी करार दिया। इस फैसले के 27 मिनट बाद कोर्ट ने उन्हें 2 साल की जेल की सजा सुनाई और 15 हजार का जुमार्ना भी लगाया। इसके कुछ देर बाद कोर्ट ने उन्हें जमानत भी दे दी। साथ ही सजा को 30 दिन के लिए स्थगित कर दिया। सुनवाई के दौरान राहुल कोर्ट में मौजूद रहे। राहुल ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा। उनके वकील के मुताबिक, 'राहुल ने कहा कि बयान देते वक्त मेरी मंशा गलत नहीं थी। मैंने तो भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई थी।' उधर, कोर्ट के बाहर विधायक और याचिकाकर्ता पूर्णेश मोदी और उनके समर्थकों ने भारत माता की जय और जय श्रीराम के नारे लगाए। राहुल पर पिछले 4 साल से मानहानि का मामला चल रहा था। कोर्ट ने 17 मार्च को इस मामले में सभी दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। कम से कम सजा दी जाए- बचाव पक्ष के वकील : जज ने राहुल को दोषी करार देते हुए पूछा कि क्या वह कुछ कहना चाहते हैं? इस पर राहुल ने कहा कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलते रहते हैं।

## आम आदमी पार्टी ने पालीवाल को बनाया राजस्थान अध्यक्ष

**7 विधायकों को दी सह-प्रभारी की जिम्मेदारी 200 सीटों पर चुनाव लड़ने का लक्ष्य**

गरीबों का सितारा



**जयपुर।** राजस्थान में चुनावी साल शुरू होने के साथ ही सियासी बदलाव का सिलसिला भी शुरू हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद पर बदलाव के बाद अब आम आदमी पार्टी राजस्थान में नवीन पालीवाल को राजस्थान का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। वहीं राजस्थान में कांग्रेस और बीजेपी का मुकाबला करने के लिए आप ने दिल्ली, पंजाब और गुजरात से 7 विधायकों को राजस्थान का सहप्रभारी बनाया है। जो नवीन पालीवाल और विनय मिश्रा के साथ राजस्थान के 50 जिलों में 200 विधानसभा सीटों पर पार्टी को मजबूत करेंगे।

1. अमनदीप सिंह - बलुआना (पंजाब)
2. चेतर वसावा - देदियापाड़ा (गुजरात)
3. हेमंत खावा - जमजोधपुर (गुजरात)
4. नरेश यादव - महरौली (दिल्ली)
5. नरिंदर पाल सवाना - फाजिल्का (पंजाब)
6. मुकेश अहलावत - सुल्तानपुर माजरा (दिल्ली)

7 शिवचरण गोयल - मोती नगर (दिल्ली)

| पूर्वानुमान> | | शुक्र | शनि | रवि | सोम |
|---|---|---|---|---|---|
| 20° | अधिकतम> | 30°c | 30°c | 28°c | 29°c |
| | न्यूनतम> | 18°c | 18°c | 18°c | 16°c |

# लापरवाही : लो फ्लोर बस के चालक और परिचालक मस्त, सवारियां पस्त...

## भरी धूप में सवारियां बस की रवानगी का करती रहती है इंतजार





### परेशानी का सबब बनीं लो फ्लोर की 9-ए बसें

### सबसे बड़ा सवाल : हे जिम्मेदारों, किसे करे शिकायत?

गरीबों का सितारा

**मुरलीपुरा, राजेंद्र शर्मा ।** जयपुर की राजधानी के लिए लाइफ लाइन बन चुकी लो-फ्लोर बसों ने कई साल में शहर को बेहतर सेवा देने के साथ कई नहीं भूलने वाले दर्द भी दिए, शुरूआती समय में लो-फ्लोर बसों की सेवा से लोगों को बड़ी राहत मिली थी लेकिन वर्तमान स्थिति को देखते हुए लगता है कि विभाग की उदासीनता और चालक-परिचालक की लापरवाही के चलते इन बसों में सफर करना दुश्वार हो रहा है। ऐसे ही लो फ्लोर 9-ए दादी का फाटक से अग्रवाल फार्म तक का सबसे व्यस्ततम और राजस्व की सबसे अच्छी कमाई कराने वाला रूट है उसके बावजूद भी बसों का संचालन सही नहीं होने से यह मार्ग परेशानी का सबब बना हुआ है, गौरतलब है कि पिछले दिनों से 9ए लो फ्लोर बस में सवारी कर रहे सवारियों और राहगीरों का कहना है कि दादी का फाटक से रवाना होने वाली बसों के चलने के इंतजार में सवारियों को बस के अंदर ही काफी इंतजार करना पड़ता है। चालक-परिचालक सब सवारियों को इंतजार करवाते हुए थड़ीयों पर खड़े रहकर काफी देर तक बातें करते हुए मस्ती करते नजर आते हैं। दादी का फाटक पर कई लो फ्लोर बसें एक कतार में खड़ी होने के बावजूद भी चालक-परिचालक का इंतजार करती नजर आती है। दोपहर के समय छात्र-छात्राओं, स्टाफ, आम-आदमी आदि आवागमन करने वाली सवारिया जहाँ सफर करने को आतुर रहती है, वैसे ही उन्हें सिर्फ इंतजार करना हाथ लगता है, चालक परिचालक का इंतजार करती घन्टों तक बसें एक ही स्टेंड पर खड़ी रहती है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि इस शिकायत भरी लापरवाही को सुनने वाला कोई धनीघोरी नहीं है। सवारियों को यह तक पता नहीं रहता है कि इसकी शिकायत कहां करें और कौन उनकी फरियाद सुन सकता है।



## पंचांग

दिनांक 24 मार्च 2023 शुक्रवार
विक्रम संवत2080चैत्र शुक्ल पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | तृतीया | 16:59:16 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्रअश्विनी | 13:21:12 | |
| योग | वैधृति | 25:41:33 |
| करण | गर | 16:59:16 |
| करण | वणिज | 28:35:08 |
| चन्द्र राशि | मेष | |
| सूर्य राशि | मीन | |
| दिशा शूल | पश्चिम | |
| सूर्योदय(जयपुर) | 06:28:10 | |
| सूर्यास्त | 18:38:34 | |
| चंद्रोदय | 08:03:28 | |
| चंद्रास्त | 21:30:55 | |
| राहू काल | 11:02-12:33 | |
| अभिजित | 12:09-12:58 | |
| शुभ चोघडिया | | |
| चर | 06:28-07:59 | शुभ |
| लाभ | 07:59-09:31 | शुभ |
| अमृत | 09:31-11:02 | शुभ |
| शुभ | 12:33-14:05 | शुभ |
| चर | 17:07-18:39 | शुभ |



गणगौरीपूजा मेला:- आज

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

## जीण माता मेले का आज दूसरा दिन: माथा टेककर श्रद्धालु मांग रहे माता से मन्नत





गरीबों का सितारा

**सीकर(विनोद धायल)।** प्रसिद्ध शक्तिपीठ जीण धाम में चैत्र नवरात्रों का विशाल लक्खी मेला चल रहा है। नवरात्रि के दूसरे दिन आज कोलकाता और बेंगलुरु के विशेष फूलों से मां जीण भवानी के दरबार को सजाया गया और विभिन्न प्रकार के फलों का माता को भोग लगाया गया। देश के कोने-कोने से हजारों की संख्या में श्रद्धालु जीण धाम पहुंचकर माता रानी के दर्शन कर रहे हैं और अपनी कुलदेवी के दरबार में जात जडूलो के संस्कार पूर्ण कर रहे हैं। सुबह 4 बजे से मंगला आरती के साथ ही मंदिर के बाहर लाइनों में श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए नजर आ रहे हैं। मान्यता है कि मां जीण भवानी के दरबार में सच्चे मन से जो भी मनोकामना की जाती है वह है मां जीण भवानी निश्चित रूप से पूरी करती है। मंदिर कमेटी एवं प्रशासन और ग्राम पंचायत द्वारा मेले में सुरक्षा, पेयजल, पार्किंग सफाई सहित तमाम व्यवस्थाएं की गई है। आपको बता दें कि मेला मजिस्ट्रेट प्रतिभा वर्मा एवं एडिशनल एसपी रतन भार्गव और तहसीलदार विपुल चौधरी, जीण माता थानाधिकारी रामअवतार लगातार मेले में पल-पल की अपडेट ले रहे हैं।




## शहीदी दिवस पर युवाओं ने निकाली 3 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा

गरीबो का सितारा

**दांतारामगढ़ (विनोद धायल)।** शहीद दिवस पर शहीदों के सम्मान में युवाओं ने रामगढ़ में तीन किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकालकर शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु को याद किया। इस दौरान सैकड़ों युवाओं व स्कूली छात्र - छात्राओं ने 151 मीटर लंबे तिरंगे को लेकर एसडीएम कार्यालय से राजीव गांधी सर्किल तक यात्रा की। लोगों ने तिरंगा यात्रा पर जगह-जगह फूल बरसाए ।यात्रा में स्कूली बच्चों ने रानी लक्ष्मीबाई, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव बनकर यात्रा में शामिल हुए। राजस्थान युवा बोर्ड अध्यक्ष सीताराम लांबा ने कहा कि युवाओं के देश के प्रति प्रेमभाव का यह सराहनीय प्रयास है ' दांतारामगढ़ में पहली बार शहादत दिवस को इस तरह से मनाया गया है। युवाओं को भगत सिंह के बारे में पढ़ना चाहिए और उनके विचारों को अपनाना चाहिए। राजेंद्र धीरजपुरा ने यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों का सम्मान करना चाहिए और उनके बताए मार्ग पर निरंतर चलते रहना चाहिए। यही सच्ची देशभक्ति है। तिरंगा यात्रा का समापन थाना मोड़ के आगे दांता रोड पर राष्ट्रगान के बाद हुआ। इस दौरान पूरण मल लावट, सरपंच प्रतिनिधि रतन लाल यादव, बीएल चक, लव सिंह, सुशील शर्मा, विवेक शर्मा, विपिन शर्मा सहित अनेक युवा, जनप्रतिनिधि व नेता मौजूद रहे।





## सीपी जोशी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर मिठाई वितरित कर खुशी की प्रकट



गरीबो का सितारा

**लक्ष्मणगढ़(अलवर)।** भाजपा मंडल लक्ष्मणगढ़ के द्वारा चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान बनाने पर मंडल अध्यक्ष एडवोकेट नरपत सिंह राजपूत के नेतृत्व में आतिशबाजी कर मिठाई वितरित कर खुशी प्रकट की। भाजयुमो मोर्चा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राघव लिली ने बताया कि इस दौरान रोहिताश शर्मा, विक्रम सिंह नरुका, बल्ली भाई घोसी, नेतराम, मुकेश पांचाल, सोनू हरियाणा, हेमंत शर्मा, नरेश सिंह, पिंकू प्रजापत भी मौजूद रहे।

## नागल पुरोहितान, चेतावाला में ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लेने पहुंचे डागर



गरीबो का सितारा

**जयपुर।** आमेर तहसील के ग्राम नाँगल पुरोहितान, चेतावाला में ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों से उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर ने मिलकर उनकी समस्याओं को सुना। एवं कृषि विभाग द्वारा जारी किसान हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी दी। डागर ने किसानों को मुआवजा दिलवाने को लेकर किया आश्वस्त इस अवसर पर किसान चौथुराम जाट, गोपीराम चौधरी, बाबुलाल बिजारनिया, कालुराम सामोता, अमर चौधरी मौजूद थे।

## इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में धांधली



गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** कांग्रेस सरकार की महती योजना इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना को पलीता लगाया जा रहा है। सरकार के कारिन्दें ही सरकार के दावों को खोखला साबित करते नजर आ रहे हैं। ऐसा ही कुछ आज कलक्टर आवास के सामने देखने को मिला। इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत शहर के हर्षोलाव तालाब में काम करने वाली महिला श्रमिक आज लामबंद होकर कलक्टर कार्यालय पहुंच गई। इन महिला श्रमिकों ने प्रशासनिक अधिकारियों पर इस योजना के तहत निर्धारित मजदूरी से काफी कम मजदूरी देने के आरोप लगाए। प्रदर्शनकारी महिला श्रमिकों का नेतृत्व कर रही विमला देवड़ा ने बताया कि इस योजना में प्रतिदिन 259 रुपए मजदूरी दिया जाना प्रस्तावित है लेकिन उन्हें सिर्फ 90 रुपए ही प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी दी जा रही है। जबकि उन्हें अपने घर से कार्यस्थल तक आने जाने में 40 रुपए से ज्यादा खर्च करने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी मेट पूरी उपस्थिति भेज रही है लेकिन फिर भी उन महिला श्रमिकों के बैंक खाते में नगर निगम कम भुगतान के हिसाब से रूपए जमा करवा रही है। उन्होंने अपनी फरियाद कलेक्टर को सुनाई।

## श्यामपुरा गांव में शहीद दिवस पर भूतपूर्व सैनिकों का हुआ सम्मान



**खाचरियावास (विनोद धायल)।** ग्राम श्यामपुरा में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गांव श्यामपुर के भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान रिच्छपाल धायल ने कहा कि हमें शहीदों का सम्मान करना चाहिए। भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बारे में पढ़ना चाहिए। हमें उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। इस अवसर पर रामनिवास धायल, बन्ने सिंह फौजी, यशपाल धायल, राजकुमार धायल बनवारी लाल शर्मा, रिच्छपाल सिंह, हरफूल सिंह, गणेश कांटवा उपसरपंच महेश सैनी, किशन लाल, नरेंद्र कंवर, विरेंद्र कुमार, रिछपाल धायल, पेमाराम धायल, गजानन्द धायल, शिव भगवान शर्मा, अभिनव शर्मा चिकित्सा अधिकारी, तुलसीराम गुर्जर, बनवारी लाल शर्मा, राम कुमार धायल, हर फूल धायल, रामनिवास धायल, मोहन लाल धायल, रामचन्द्र धायल, शिशुपाल धायल, जय प्रकाश धायल, रामेश्वर धायल, श्याम लाल धायल, श्रवण कुमार धायल पार्षद, अर्जुन लाल धायल, मदन धायल, जीवन सिंह, गोपाल जांगिड, संतोष जांगिड, राजकुमार धायल, त्रिलोक धायल, गिरधारी नेहरा, सतपाल नेहरा, अरविंद शर्मा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## आम आदमी पार्टी ने शहीद भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि



**जयपुर (विनोद धायल)।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में शहीद भगत सिंह की पुण्य तिथि पर पार्टी कार्यकताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की ।आप नेता डॉ सुनील धायल ने बताया की इस अवसर पर आप नेता डॉ शारदा चौधरी, कमल भार्गव, गिरधारी सेपट, , एडवोकेट राजेन्द्र मोदी, चंद्रशेखर बेनीवाल, त्रिवेंद्र पाठक, अमित वशिष्ठ, , सारांश जंगम, युग सिंगल, प्रकाश सैनी आदि दर्जनों कार्यकताओं ने नम आंखों से श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि आज हमें जो आजादी मिली है, उस आजादी के लिए राजगुरु, सुखदेव व भगत सिंह जैसे हजारों शहीदों ने हंसते हंसते अपनी जान की बाजी लगा दी थी और उसी का परिणाम है कि भारत की इस पावन धरती पर हम आजादी से रह रहे हैं। प्रदेश के अन्य जिलों में भी आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालयों में अमर शहीद सुखदेव, राजगुरु, और भगत सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## व्यास कॉलोनी में संभागीय आयुक्त नीरज के पवन के नेतृत्व में अतिक्रमण पर कार्रवाई



गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर में संभागीय आयुक्त नीरज के पवन के नेतृत्व में गुरुवार को जयनारायण व्यास कॉलोनी में अतिक्रमण पर कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में बीकानेर नगर निगम व यूआईटी के कई अधिकारियों के साथ पुलिस भी मौजूद है। मिली जानकारी के मुताबिक यह कार्रवाई गौतम सर्किल पर की जा रही है। बताया जा रहा है कि सर्किल पर राजू दा ढाबा की ओर से अतिक्रमण कर रखा था। इस अतिक्रमण को हटाकर सर्किल को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। इसके अलावा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों व दुकानों के आगे बनी चौकियों व अन्य अतिक्रमण पर भी कार्रवाई की गई।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## विधवा की बेटी के विवाह में 21 हजार का चेक दिया भाजपा नेता जय आहुजा ने



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** गुरुवार को 23 मार्च 2023 को ग्राम तिलवाड़ तहसील गोविंदगढ़ में एक निर्धन हिंदू ओढ़ राजपूत परिवार की बच्ची कुमारी शालू का विवाह आयोजन था। शालू के पिता स्वर्गीय सोमनाथ जी का निधन कई वर्ष पूर्व हो गया था एवं उनकी माताजी सुमित्रा छोटे-मोटे काम करके अपने घर का गुजारा चला रही है। इस बच्ची के विवाह को पूरी गांव बस्ती का आशीर्वाद मिला एवं भाजपा नेता जय आहूजा ने बताया की हमारी संस्था निमित्तेकम की ओर से हमने भी ?21 हजार की राशि बिटिया के विवाह के लिए बिटिया की माताजी को भेंट की। हमारी ओर से कैलाश खंडेलवाल रोहित शर्मा शिवम शर्मा रामगढ़ से, बड़े भाई यादराम चौहान मानकी से एवं ग्राम तिलवाड़ से डॉ रमेश राजपूत डॉ करनैल राजपूत, आदरणीय राधे राधे बाबा, सुनील राजपूत लक्ष्मण राजपूत सम्मिलित हुए। हम सभी की ओर से बिटिया रानी को उज्जवल भविष्य की बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी। यदि धर्म की रक्षा करनी है तो अपने आसपास रहने वाले निर्धन हिंदू परिवारों का हाथ थामिये इन सद्कार्यों से स्वतः ही धर्म की जय होगी एवं अधर्म का नाश होगा। मिडिया को यह सारी जानकारी रामगढ से अमित कुमार भारद्वाज के द्वारा दी गई है।

## शहीद दिवस पर मुख्य मार्गों से निकाली तिरंगा रैली



गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** शहीद दिवस पर कस्बे के अलवर रोड स्थित पीजी महाविद्यालय से पतासा बाजार शहीद स्मारक तक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष नितिन यादव के नेतृत्व में सैकड़ो युवाओं द्वारा भारत माता के जयकारे लगाए गए। इस दिन को बेहद दुखद दिन के रूप में याद किया जाता है। 23 मार्च को भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी दी गई थी इसलिए 23 मार्च को इन अमर शहीदों के बलिदान को याद कर शहीद दिवस मनाया जाता है। इस दिन इन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। इस दौरान अध्यक्ष नितिन यादव, संकरा कोच, प्रधान बस्तीराम यादव, भूपेन्द्र यदुवंशी, कार्तिक, धर्मेंद्र सहित अन्य मौजूद रहे।



## शहीद दिवस पर कठूमर पंचायत समिति से और नगरपालिका खेड़ली से अहिंसा मार्च निकाला गया



गरीबो का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के कठूमर मे शहीद दिवस पर अहिंसा मार्च निकाला गया। अंहिसा मार्च में शहिद भगतसिंह, शहीद सुखदेव, शहीद राजगुरू के जयकारो के साथ श्रद्धांजलि दी। कठूमर से महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के कठूमर ब्लाक संयोजक के सीताराम दीक्षित ने बताया पंचायत समिति कठूमर से अहिंसा सर्किल तक निकाले गये अंहिसा मार्च में कठूमर के युवा एवं अंहिसा समर्थक लोगो ने शहिदो को याद करते हुये श्रद्धांजलि देकर भारत की आजादी में हुये शहिदो के नारे लगाये। और दीप जलाये। अंहिसा मार्च में सीताराम दीक्षित महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति संयोजक व सह संयोजक अशोक जैन तहसीलदार राजेश मीना, सीबीईओ उमेश जैन, खेड़ली संयोजक शिवदयाल शर्मा, हरभजन ठेकेदार शिब्बोराम सोनी सहित कई विभागो के कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे। वही खेड़ली में शांति एवं अंहिसा प्रकोष्ठ द्धारा जीवन दर्शन समिति के संयोजक शिवदयाल शर्मा के नेतृत्व में अंहिसा मार्च निकाला गया। नगरपालिका से आरंभ किये गये अंहिसा मार्च सम्पूर्ण कस्बे निकाला गया और अंहिसा मार्च में शहिद भगत सिंह और राजगुरू के जयकारे लगाये गये। वही इस मौके पर संजय गिजगडिया, हरभजन ठेकेदार,बाबूलाल यादव, शिवदयाल शर्मा, मौजूद रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी कठूमर से अशोक कुमार जैन के द्वारा दी गई है।

## राजनीति का रंग (शौक) लगा तो सरपंच बन गए और संगीत का शौक लगा तो विदूषक बन गए - भूतपूर्व सरपंच शर्मा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत डोरोली के नांगल गंगा गुरु गांव में जन्मे वयोवृद्ध भूतपूर्व सरपंच हुकम चंद शर्मा को जब राजनीति का रंग व शौक लगा तो वे सरपंच बन गए तथा फिर जब उनको संगीत का शोक लगा तो कुछ समय बाद ही वे विदूषक बन गए । अब इनको 25 मार्च 2023 को कला पुरोधा पुरस्कार से राजस्थान सरकार द्वारा जोधपुर में सम्मानित किया जाएगा । गौरतलब है कि भूतपूर्व सरपंच शर्मा हास्य कलाकार तथा हारमोनियम के सरताज माने जाते है लेकिन अब उनकी उम्र बहुत ज्यादा हो गई है बताया जाता है कि वर्तमान मे उनकी उम्र लगभग 82 वर्ष है । मिडिया को यह सारी जानकारी झाकड़ा से पुष्पेंद्र कुमार शर्मा के द्वारा दी गई है।



# आदर्श विद्या मंदिर द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया

### राष्ट्रसेवा की अवधारणा ही सबसे बड़ा धर्म मुख्य अतिथि डॉ पंकज गुप्ता







गरीबों का सितारा

**युवराज शर्मा अलवर।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2080 नव संवत्सर के अवसर पर आदर्श विद्या समिति द्वारा लादिया मैदान से अलवर के मुख्य बाजार होते हुए, हिंदू नव वर्ष की शोभा यात्रा का आयोजन कर सत्य सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति का प्रचार किया. मुख्य कार्यक्रम लादिया मैदान में हुआ जहां पर मां भारती के चित्र पर तिलक और माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता, मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक नरेंद्र कुमार एवं अध्यक्षता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक डॉ कृष्ण कुमार गुप्ता ने की अन्य इस मौके पर विशिष्ट अतिथि आदर्श विद्या मंदिर समिति के सह मंत्री विजय सिंह फौजदार एवं आदर्श विद्या मंदिर समिति के जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा रहे। इस मौके पर कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ब्रजभूमि कल्याण परिषद के डॉक्टर पंकज गुप्ता ने कहा कि हमारा देश पूरी दुनिया में सबसे युवा देश है और हमारे बच्चों को अपनी इस युवा ऊर्जा के ऊपर विश्वास करना चाहिए और राष्ट्र समाज देश के लिए यह मौका अपने आप से संकल्प करने का है उन्होंने कहा कि किसी भी बालक बालिका या नागरिक का प्रथम कर्तव्य राष्ट्र की सेवा है और राष्ट्र, सेवा की अवधारणा ही किसी भी बालक बालिका या नागरिक का सबसे बड़ा धर्म होना चाहिए। मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक नरेंद्र कुमार ने कहा कि ब्रह्मा जी ने इसी दिन सृष्टि की रचना की थी और इसी दिन चेटीचंड भगवान झूलेलाल का अवतार हुआ था, इसी दिन सम्राट युधिस्टर ने हस्तिनापुर का राज्य संभाला था और इसी दिन भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ था, चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य ने विक्रम संवत की शुरूआत की थी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ हेडगेवार का जन्मदिवस भी इसी दिन आता है ! यह दिवस ब्रह्मांड की काल गणना के अनुसार वैज्ञानिक रूप से सत्य सनातन है और हमें अपनी संस्कृति के ऊपर गर्व करना चाहिए और हिंदू धर्म के जो सिद्धांत हैं वह वैज्ञानिक रूप से , सत्य हैं खरें हैं उन्हीं के ऊपर हमें चलना चाहिए, और अपने हिंदू होने पर गर्व करना चाहिए। शोभा यात्रा की शुरूआत राम दरबार की पूजा से हुई अतिथियों को पंडित राजेंद्र आचार्य ने विधि विधान के साथ पूजा करवाई और अतिथियों ने झंडी दिखाकर के शोभा यात्रा को रवाना किया लादिया की मुख्य सड़क से होकर शोभा यात्रा, जिसमें डीजे, बैंड बाजा, भव्य झांकियां और विद्यालय के बालक बालिका राष्ट्रभक्ति और हिंदू सनातन धर्म के संदेश देते हुए चल रहे थे अशोका टॉकीज, विवेकानंद चौक, त्रिपोलिया, होप सर्कस, घंटाघर, पंसारी बाजार, केडलगंज, बिजली घर चौराहा, भगत सिंह चौराहा, काशीराम चौराहा होती हुई स्कीम नंबर 4 स्थित आदर्श विद्या मंदिर पहुंची शोभायात्रा पर रास्ते में अनेक स्थानों पर नागरिकों के द्वारा पुष्प वर्षा की गई और शोभायात्रा में शामिल बालक बालिकाओं को पानी, ठंडा पे, फल आदि का वितरण किया गया अंतिम पड़ाव स्कीम नंबर 4 स्थित आदर्श विद्या मंदिर पर अतिथियों के द्वारा शोभायात्रा में सभी झांकियों को पुरस्कृत किया गया प्रथम स्थान पर श्री राम दरबार की झांकी आदर्श विद्या मंदिर , राम गली, द्वितीय स्थान पर श्री विष्णु दरबार आदर्श विद्या मंदिर लाजपत नगर तथा तृतीय स्थान पर डॉ हेडगेवार वीर सावरकर और गुरु जी की झांकी रही जो कि आदर्श विद्या मंदिर मालवीय नगर की थी। समारोह में डॉक्टर हरिशंकर मिश्रा, अशोक सिंह, महिमा सोनी, श्याम लाल गुप्ता, प्रभु लाल प्रजापति, राम प्रकाश शर्मा, डॉक्टर चंद्रावती चौधरी, ओम प्रकाश दीक्षित, डॉक्टर मान सिंह जायसवाल, बालकृष्ण शर्मा, हरिमोहन विजय, माधव सेवा समिति के विमल जैन, रतीराम, राम सिंह, विकास कुमार, कपूरचंद, भारत भूषण अग्रवाल, सुजीत कुमार झा, दिलीप सैनी, रमन सैनी, कन्हैया लाल गुप्ता, योगेंद्र शर्मा, सुरेंद्र गुप्त, राजकौर पूनिया, प्रमोद विजय सहित स्टाफ, समिति के कार्यकर्ता उपस्थित रहे आदर्श विद्या मंदिर समिति के जिला सचिव सतीश शर्मा द्वारा शोभा यात्रा और संपूर्ण कार्यक्रम का संयोजन किया गया।

### आदर्श विद्या मंदिर में शुरू हुआ भारत अध्ययन केंद्र

## देश का पहला विद्यालय जहाँ शुरू हुआ भारत अध्ययन केंद्र

गरीबों का सितारा

**बस्सी (रामफूल मीणा)।** भारतीय नववर्ष की पावन वेला पर विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालय श्री बलराम उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर,बस्सी (जयपुर) में सेंटर फॉर भारत स्टडीज का औपचारिक शुभारंभ पुज्यपाद गुरुदेव धर्मचक्रवर्ती तुलसी पीठाधीश्वर "पद्म



विभूषण" जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी महाराज के पावन सान्निध्य में हुआ। इस दौरान उद्घाटन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आशीर्वचन के रुप में रामभद्राचार्य जी महाराज ने कहा की भारत एक अद्भुत शब्द है और सामान्य रूप से सब जानते है की तीन भरतो के निवास को भारत कहते है - ऋषभ पुत्र भरत शकुंतला पुत्र भरत और दशरथ पुत्र भरत परंतु इसका कोई और ही अर्थ है जो है ' भ ' का अर्थ है भगवान ' आ ' का अर्थ है आदर और त का अर्थ है तत्परता। अर्थात भगवान का जिसमें आदर है , भगवान की जिसमे तत्परता है वो है भारत । दूसरा अर्थ ये भी है की जिस देश की भगवान में आस्था हो वो है भारत और जब महापुरुषों की बात आती है तो उनमें सबसे पहला नाम भगवान राम का ही आता है । भगवान सबसे पहले शिक्षक भी है औऊ भगवान राम इस राष्ट्र का मंगल करने वाले है इसलिए इन्हे ' मंगल भवन अमंगल हारी कहा जाता है ' और भगवान राम ने लंका के साम्राज्य को ठुकरा कर कहा था - ' अपी स्वर्णमयिम लंका नमे लक्ष्मण रोचते, जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसे ' । विद्या मन्दिर के पूर्व छात्र एवं इस योजना के समन्वयक प्रिंस तिवाड़ी ने कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए बताया कि यूँ तो देश के अलग-अलग केंद्रीय एवं राज्य विश्वविद्यालयों में भारत अध्ययन केंद्र की रचना है,किंतु विद्यालय स्तर पर भी बालकों को भारतीय ज्ञान परंपरा के बारे में जानकारी मिले,वे सभी भारतरुपी वटवृक्ष के अंकुरित बीज हैं तथा वो भी भारत को जाने,भारत को माने,भारत के बने और भारत को बनाएं इस पवित्र भाव को लेकर यह काम करेगा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति में जिस भारत केंद्रीत शिक्षा की बात की गई है उसके क्रियान्वयन की पहली कड़ी में यह भारत अध्ययन केंद्र ऑफलाइन रुप में पहले एक विद्यालय से शुरू हो रहा है, उसके बाद में धीरे धीरे अन्य विद्यालयों में भी इसकी रचना तैयार की जाएगी और इस दौरान प्रिंस तिवाड़ी ने बताया कि सेंटर ऑफ भारत स्टडीज,भारत अध्ययन केंद्र का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा को प्रचारित,प्रसारित करना है। साथ ही प्राचीन भारतीय ज्ञान में निहित एक बेहतर भविष्य की कल्पना करना है। भारतीय दर्शन की दृष्टि के माध्यम से सभी विषयों इंडोलॉजी,भाषाएं,साहित्य,इतिहास, धर्म,समाजशास्त्र,खगोल विज्ञान और ज्योतिष,राजनीति,कला,अर्थव्यवस्था, पुरातत्व,चिकित्सा,और अन्य सभी जो भारत की सांस्कृतिक विरासत का एक हिस्सा हैं और इसके अलावा,भारतीय मूर्तिकला,वास्तुकला,शिक्षा,धर्म,नृत्य, गायन,संस्कृति आदी जातीय समूहों सहित विभिन्न विषयों का अध्ययन एवं अध्यापन करना है। और उद्घाटन कार्यक्रम में आदर्श विद्या मन्दिर के प्रधानाचार्य लालचंद शर्मा, प्रधानाचार्या मनीषा सारस्वत,क्रछ्छ मुंबई से श्रीरंग खोखले,दिव्यम अग्रवाल सहित विद्यालय परिवार से जुड़े सभी गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## प्राइवेट अस्पतालों की हड़ताल छठे दिन भी जारी



गरीबों का सितारा

**रुपेश शर्मा अलवर।** आज दिनांक 23 मार्च 2023 आई एम ए हॉल में मीटिंग हुई है जिसमें सरकारी एवं प्राइवेट चिकित्सकों ने भाग लिया आरटीएस बिल के विरोध में सभी ने अपने सुझाव दिए मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन की तरफ से डॉक्टर एसोसिएशन को समर्थन पत्र दिया गया एवं घोषणा की गई कि यह डॉक्टर के साथ हैं सभी प्राइवेट अस्पतालों के मालिकों ने अपने अस्पतालों की चाबी आईएमए हॉल में डॉक्टर विजयपाल यादव अध्यक्ष प्राइवेट अस्पताल संघर्ष समिति अलवर को सौंप दी कल प्रातः 10:00 बजे आई एम ए हॉल में मीटिंग होगी उसके बाद कलेक्टर अलवर को चाबियां सौंप दी जाएंगी डॉ विजय पाल ने बताया कि जनता भी इस बात को समझे कि जिस झूठे इलाज का वादा सरकार आप लोगों से वोट लेने के लिए कर रही है जिनसे आपका इलाज कराने का वादा कर रही है वही डॉक्टर आज आंदोलन कर रहे हैं सरकार के खिलाफ उनकी बात नहीं सुनी जा रही है जबरदस्ती किसी से आप इलाज नहीं करवा सकते यह मानवता के लिए बहुत बड़ा खतरा है इसी के लिए डॉक्टर संघर्ष कर रहे हैं अतः जनता से भी निवेदन है कि आप हमारा साथ दें और अपने नेताओं से इस बिल को वापस लेने की प्रार्थना करें चाबी कलेक्टर अलवर को सौंपने के बाद एक रैली शहर में निकाली जाएगी आज प्राइवेट अस्पताल पूर्णता बन रहे सोनोग्राफी एवं लैब सीटी स्कैन एम आर आई सेंटर भी बंद रहे सरकारी चिकित्सकों ने घर पर मरीज नहीं देखें तथा तिजारा खैरथल किशनगढ़ राजगढ़ आदि जगहों पर भी प्राइवेट अस्पताल बंद रहे और जब तक सरकार राइट टू हेल्थ बिल वापस नहीं लेगी तब तक यह विरोध जारी रहेगा।



# राजस्थान प्रदेश संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना का राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन की टीम द्वारा भव्य स्वागत सत्कार किया

### मीना को अलवर जिला संयुक्त सचिव के साथ साथ सौपी गई है राजस्थान प्रदेश संयुक्त सचिव पद की जिम्मेदारी







गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड मुख्यालय के रैणी कस्बे मे राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन की टीम द्वारा गुरुवार को महेश चन्द मीना( खोहरा चौहान) का राजस्थान प्रदेश संयुक्त सचिव पद की जिम्मेदारी सौपने की खुशी मे पूरी टीम ने राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना का आभार प्रकट करते हुए राजस्थान प्रदेश संयुक्त सचिव तथा अलवर जिला संयुक्त सचिव महेश चन्द्र मीना खोहरा चौहान का फूल मालाओ से व साफा बांधकर भव्य स्वागत सत्कार किया तथा आपस मे एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुह मिठा किया तथा सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त कर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया तथा संगठन की हर माह मिटिंग करने का निर्णय लिया गया तथा ज्यादा से ज्यादा सदस्य व पदाधिकारी जोडने का संकल्प लिया एवं संगठन हमेशा गरीब दलित शोषित वर्ग की सेवा करता रहेगा और यह संगठन बिना किसी जाति धर्म के आधार पर सर्वसमाज की निःस्वार्थ सेवा करता रहेगा और मानवीय अत्याचार के खिलाफ , भ्रष्टाचार , रिश्वत तथा महिलाओ के अत्याचार के खिलाफ व बाल श्रम सहित अनेक प्रकार से आमजन के हित मे अनवरत रूप से कार्य करते रहने का आह्वान किया । पुलिस प्रशासन तथा अन्य दूसरे प्रशासनिक अधिकारियो का संगठन द्वारा लगातार सहयोग किया जावेगा तथा आमजन के हित मे सम्बन्धित जिम्मेदार उच्चाधिकारीगण से सहयोग प्राप्त कर आमजन की सेवा करने के लिए तत्पर रहेगा तथा भ्रष्टाचार को उजागर करने के लिए संगठन द्वारा समय समय पर आरटीआई एक्ट 2005 का भी उपयोग किया जावेगा। गुरूवार को संगठन की मिटिंग के दौरान ये सभी चर्चा सभी के द्वारा की गई तथा हाल ही मे संगठन द्वारा जल्द ही जल जीवन मिशन योजना के तहत जलदाय विभाग द्वारा की जा रही देरी को लेकर भी चर्चा की गई क्योंकि गर्मी का मौसम है और गर्मी के मौसम मे तो पानी की और भी ज्यादा आवश्यकता बढ जाती है इसलिए संगठन के द्वारा सम्बन्धित जिम्मेदार उच्चाधिकारीगणो से सम्पर्क किया जावेगा और जल्द से जल्द रैणी क्षेत्र मे जल जीवन मिशन योजना के तहत नल कनेक्शन कराते हुए पानी सप्लाई चालू कराने को प्राथमिकता दी जावेगी।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

चिंतन

# स्वच्छ जलापूर्ति सभी तक सुनिश्चित हों


भारत में स्वच्छ जलापूर्ति अभी भी राष्ट्रीय समस्या है। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के बाद भी सरकारें अपने सभी नागरिकों तक स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं कर सकी है। जल हर इंसान की बुनियादी जरूरत है। विश्व जल दिवस जैसे मौके पर जब देश के नागरिकों के लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता का आंकलन किया जाता है तो देश की एक चौथाई से अधिक आबादी के पास स्वच्छ जलापूर्ति के साधन नहीं हैं। शहर हो या गांव, दोनों जगहों पर गरीब आबादी जल संकट से गुजर रही है। भारत में जल के प्रचूर संसाधनों के बावजूद जल प्रबंधन की अनियमितता व सरकारी उदासीनता के चलते जरूरतमंद लोगों तक जल की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं हो सकी है। देश में नदी जल व खारे जल को पेयजल में बदलने की तकनीक उपलब्ध है, इसके साथ ही मीठे जल का विशाल भंडार है, लेकिन उचित जल प्रबंधन के अभाव में पहाड़, पठार, रेगिस्तानी, शहरी, पथरीली क्षेत्र में स्वच्छ जल की पहुंच सुनिश्चित नहीं की गई है। मौजूदा राजग सरकार ने नल से जल मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र में जलापूर्ति सुनिश्चित कर रही है। सरकारी दावे के मुताबिक, देश के 11.49 करोड़ परिवारों को अब नल से जल कनेक्शन उपलब्ध है और 1.53 लाख गांवों में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। जल जीवन मिशन के आंकड़ों के अनुसार, स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों और आकांक्षी जिलों में पाइप से जलापूर्ति करने की मात्रा में वृद्धि दर्ज की गई है। ये आंकड़े ऐसे समय में आए हैं जब संयुक्त राष्ट्र विश्व जल विकास रिपोर्ट 2023 में कहा गया है कि दुनिया की 26 प्रतिशत आबादी की सुरक्षित पेयजल तक पहुंच नहीं है जबकि 46 प्रतिशत बुनियादी स्वच्छता की कमी का सामना कर रहे हैं। सरकार जल संरक्षण एवं भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए जल जीवन मिशन, अटल भूजल योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, नमामि गंगे योजना जैसे कार्यक्रम चला रही है। जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को वर्ष 2024 तक प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर नल से पेयजल आपूर्ति करने की व्यवस्था करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बावजूद न भूजल स्तर में अपेक्षित सुधार हुआ है, न गंगा समेत अन्य नादियां साफ हुई हैं, न ही गांव व शहरों में सभी तक पेयजल आपूतर्ति सुनिश्चित हो सकी है। नदी जोड़ो योजना भी अधर में है। नदी, जलाशय, झील, झरना आदि के रखरखाव, शुद्धिकरण बड़ी समस्या बने हुए हैं। विश्व स्तर पर 80 प्रतिशत अपशिष्ट जल बिना किसी उपचार के पर्यावरण में छोड़ दिया जाता है। कई विकासशील देशों में यह आंकड़ा करीब 99 प्रतिशत है। यह खतरनाक बात है। वर्षा जल संरक्षण की दिशा में भी बहुत सुस्त गति से काम हो रहा है। जल संरक्षण को राष्ट्रीय अभियान नहीं बनाया गया है। वर्तमान सरकार पिछली सरकारों से जल मिशन को लेकर बेहतर काम जरूरत कर रही है, लेकिन इतना काफी नहीं है। प्राथमिकता के आधार पर व्यापक स्तर जल प्रबंधन पर काम होना चाहिए। स्वच्छ जल के बारे में बाजार के मिथ को भी तोड़ा जाना चाहिए। बोतलबंद पानी व आरओ के पानी स्वास्थ्य के हिसाब से बेहतर नहीं होने के बावजूद इस पर सरकार चुप है। पिछले 40 वर्षों में विश्व स्तर पर पानी का इस्तेमाल लगभग एक प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से बढ़ रहा है और ''जनसंख्या वृद्धि, सामाजिक-आर्थिक विकास और बदलते खपत पैटर्न के कारण इसके 2050 तक इसी दर से बढ़ने की संभावना है। मांग में वास्तविक वृद्धि विकासशील देशों और उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में देखी जा रही है, जहां औद्योगिक विकास और जनसंख्या में तेजी से वृद्धि के संकेत मिल रहे हैं। 'संयुक्त राष्ट्र वर्ल्ड वाटर डेवलपमेंट रिपोर्ट 2023' में 2030 तक स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता तक सभी लोगों की पहुंच सुनिश्चित करने के संयुक्त राष्ट्र के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आवश्यक है कि भारत में सरकारें इस दिशा में तेजी व ईमानदारी से काम करें और सभी व्यक्ति तक स्वच्छ जलापूर्ति सुनिश्चित करें।

चेटीचण्ड्र विशेष
अमित चिमनानी



# सनातन धर्म की रक्षा के लिए अवतरित हुए भगवान झूलेलाल

वरिष्ठ समाज सेवी, सिंधी साहित्य अकादमी के पूर्व डायरेक्टर पेशे से सीए व भाजपा नेता अमित चिमनानी ने चेटीचण्ड्र यानी भगवान झूलेलाल जयंती पर भगवान झूलेलाल से जुड़ी कुछ चमत्कारिक घटनाओं की चर्चा करते हुए बताया कि आज से 1073 वर्ष पूर्व जब भारत अखंड था व सिंध प्रांत भारत का हिस्सा था, तब सिंध प्रांत के अत्याचारी राजा मिरक शाह ने हिंदू ,सिंधी समाज के लोगो को इस्लाम धर्म कुबूल करने को बाध्य किया, लेकिन सिंधी समाज के लोगों ने इसका विरोध किया। सिंधी समाज के लोगो द्वारा इस्लाम न कुबूल करने पर मिरक शाह ने अत्याचारों की पराकाष्ठा की, जिससे मुक्ति पाने हेतु सिंधी समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में सामूहिक रूप से दरिया किनारे लगातार उपवास किया और धर्म की रक्षा के लिए भगवान को पुकारा। लगातार 40 दिन के कड़े उपवास और प्रार्थना के बाद धर्म की रक्षा के लिए भगवान झूलेलाल के अवतरित होने की आकाशवाणी हुई। चैत्र शुक्ल संवत 1007 में नसरपुर में माता देवकी ने एक चमत्कारिक बालक को जन्म दिया जिसका नाम उदयचंद रखा गया।



राजा मिरक शाह को यह खबर लगते ही उसने इस बालक को मारने अपनी सेना को भेजा, लेकिन कई बार के प्रयासों के बाद भी मिरक शाह की सेना वहां तक नही पहुंच पाती थी, कभी उन्हें अपने आगे आग, कभी पानी का समंदर दिखने लगता था। एक लीला के दौरान भगवान झूलेलाल स्वयं बंदी बन कारागार भी पहुंचे, जहां उन्होंने सभी हिंदू बंदियों को मिरक शाह की कैद से मुक्त कराया। भगवान झूलेलाल ने मिरक शाह को कट्टरता त्याग कर मानवता अपनाने का उपदेश दिया, लेकिन दुराचारी राजा पर इसका कोई असर नहीं हुआ। मिरक शाह के अत्याचारों से पीड़ित सभी सिंधी हिंदू, को नदी के किनारे इकट्ठे हुए ,जहां पर माया से एक विशाल मंदिर का निर्माण हुआ। इस मंदिर में रत्ना जड़ित झूला भी था जिस पर प्रभु स्वयं विराजमान हुए, यह झूला खुद-ब-खुद झूल रहा था। इस तरह उनका नाम भगवान झूलेलाल पड़ा। सभी ने श्री विश्वकर्मा द्वारा बनाए उस मंदिर में शरण ली। भगवान झूलेलाल के हाथ में धर्म ध्वज शोभायमान था। लोगों की चीख-पुकार करती भीड़ को देख भगवान झूलेलाल ने अग्नि देव एवं पवन देव को आदेश दिया कि मिरक शाह के साम्राज्य को ध्वस्त कर दें। इसके बाद पवन देव और अग्नि देव का तांडव शुरू हुआ, तो यह देख में मिरक शाह अपने अनुयायियों सहित रोता हुआ , रहम की भीख मांगता हुआ भगवान झूलेलाल के दरबार में पहुंचा एवं उनसे क्षमा मांगने लगा। भगवान झूलेलाल ने उसके पछतावे के आंसू देख कर उसे माफ करते हुए कभी किसी भी व्यक्ति के धर्म को ना बदलने का आदेश दिया एवं प्रजा के साथ किसी प्रकार का अत्याचार और भेदभाव न कर सभी को समभाव के साथ रहने ने की समझाइश दी।

अंग्रेजी कैलेंडर के हिसाब से भगवान झूलेलाल का जन्म 27 मार्च 950 को हुआ एवम यह उनकी 1073वीं जयंती है। भगवान झूलेलाल ने मनुष्य रूप में लगभग 13 वर्ष 6 महीने तक लीला करने के बाद अपने घोड़े सहित पाताल लोक के मार्ग से वैकुंठ धाम पहुंचे। उन्होंने अपने मनुष्य जीवन में धर्मांतरण छोड़ मानवता को अपनाने का संदेश दिया एवम हिंदू धर्म के अनुयायियों को अत्याचारों से मुक्त कराया। उनका अवतरण जल के सामने उपासना करने के बाद हुआ, इसीलिए उन्हें जल देवता और वरुण अवतार भी कहा जाता है।

# राष्ट्रवाद के क्रांतिनायक भगत सिंह



शहीद दिवस
अरविंद जयतिलक

भगत सिंह समाजवाद और मानववाद के पोषक थे। वे रक्तपात के कतई पक्षधर नहीं थे। शहीद ए आजम भगत सिंह का अहिंसा में कितना अधिक विश्वास था वह इसी से समझा जा सकता है कि एक स्थान पर उन्होंने कहा कि अहिंसा को आत्मबल के सिद्धांत का समर्थन प्राप्त है, जिसमें अंतत: प्रतिद्वंदी पर जीत की आशा में कष्ट सहा जाता है, लेकिन तब क्या हो जब ये प्रयास अपना लक्ष्य प्राप्त करने में असफल हो जाए। तभी हमें आत्मबल को शारीरिक बल से जोड़ने की जरूरत पड़ती है ताकि हम अत्याचारी और क्रुर दुश्मन के रहमोकरम पर ना निर्भर करें। क्या ऐसे विचार वाले एक महान क्रांतिकारी को हिंसावादी कहना उचित होगा, कतई नहीं। भगत सिंह के बलिदान प्रेरणा देते रहेंगे।

युवाओं के क्रांतिनायक भगत सिंह के जीवन की अनेक ऐसी बातें हैं जो देश के युवाओं को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा से भर देती है। 23 वर्ष की उम्र में ही भगत सिंह ने अपने लेखन और राष्ट्रभक्ति के बरक्स एक ऐसा आंदोलन खड़ा कर दिया जिससे दशकों तक भारत की युवा पीढ़ी प्रेरणा लेती रहेगी। भगत सिंह ने अपनी गरिमामय शहादत और आंदोलित विचारों से देश-दुनिया को संदेश दिया कि क्रांतिकारी आंदोलन के पीछे उनका मकसद अंध राष्ट्रवाद नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण की परिकल्पना थी। हालांकि यह त्रासदी है कि आजादी के चार दशक बाद तक भगत सिंह के विचार और उनसे जुड़े दस्तावेज देश के आमजन तक नहीं पहुंच पाए और देश की युवा पीढ़ी उनके आंदोलित व राष्ट्रवादी विचारों से अपरिचित रही।

भगत सिंह के विचारों और क्रांतिकारिता को समझने के लिए जेल के दिनों में उनके लिखे खतों और लेखों को पढ़ना-समझना आवश्यक है। उन खतों और लेखों के माध्यम से समझा जा सकता है कि भगत सिंह रक्तपात के कतई पक्षधर नहीं थे। वे और उनके साथियों ने पुलिस सुपरिटेण्डेंट स्कॉट को निशाना तब बनाया जब 1928 में साइमन कमीशन के बहिष्कार के लिए भयानक प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शन में भाग लेने वाले प्रदर्शनकारियों पर ब्रिटिश हुकुमत ने लाठियां बरसायीं, जिसमें लाला लाजपत राय बुरी तरह घायल हुए और अंततः मृत्यु को प्राप्त हुए। भगत सिंह समाजवाद और मानववाद के पोषक थे और इसी कारण उन्होंने ब्रिटिश हुकुमत की भारतीयों के प्रति शोषण की नीति का विरोध किया। भारतीयों के प्रति अत्याचार से उनका विरोध लाजिमी था ठीक उसी तरह जिस तरह एक महान देशभक्त का होता है। भगत कतई नहीं चाहते थे कि ब्रिटिश संसद से मजदूर विरोधी नीतियां पारित हो। उनकी सोच थी कि अंग्रेजों को पता चलना चाहिए कि हिंदुस्तानी जाग चुके हैं और वे अधिक दिनों तक गुलामी के चंगुल में नहीं रह सकते। उन्होंने अपने विचारों से अंग्रेजों को यह बात समझानी चाही, लेकिन अंग्रेज समझने को तैयार नहीं थे। तब उन्होंने अपनी बात उन तक पहुंचाने के लिए 8 अप्रैल, 1929 को अपने साथी क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्त से मिलकर ब्रिटिश सरकार की केंद्रीय असेंबली में बम फेंका। उन्होंने यह बम खाली स्थान पर फेंका, ताकि किसी को नुकसान न पहुंचे। बम फेंकने के बाद उन्होंने इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाए और पर्चे फेंके।

बम फेंकने का मकसद खून-खराबा करना नहीं था। उन्होंने कहा भी कि यदि बहरों को सुनना है तो आवाज को बहुत जोरदार होना होगाए जब हमने बम गिराया तो हमारा ध्येय किसी को मारना नहीं था, हमने अंग्रेजी हुकुमत पर बम गिराया था, अंग्रेजों को भारत छोड़ना चाहिए और उसे आजाद करना चाहिए। उल्लेखनीय तथ्य यह कि बम गिराने के बाद वे चाहते तो भाग सकते थे लेकिन उन्होंने भागना स्वीकार नहीं किया। बल्कि बहादुरी से गिरफ्तारी दी। सच कहें तो भगत सिंह ने यह साहस दिखाकर अंग्रेजों को समझा दिया कि एक हिंदुस्तानी क्या-क्या कर सकता है। उनका यह साहस



दर्शाता है कि वे शांति के पैरोकार थे और हिंसा में उनका विश्वास रंचमात्र भी नहीं था। उन्होंने अपनी क्रांतिकारिता को रेखांकित करते हुए कहा भी है कि जरूरी नहीं था कि क्रांति में अभिशप्त संघर्ष शामिल हो, यह बम और पिस्तौल का पंथ नहीं था। भगत सिंह का अहिंसा में कितना अधिक विश्वास था वह इसी से समझा जा सकता है कि एक स्थान पर उन्होंने कहा कि अहिंसा को आत्मबल के सिद्धांत का समर्थन प्राप्त है, जिसमें अंततः प्रतिद्वंदी पर जीत की आशा में कष्ट सहा जाता है, लेकिन तब क्या हो जब ये प्रयास अपना लक्ष्य प्राप्त करने में असफल हो जाए। तभी हमें आत्मबल को शारीरिक बल से जोड़ने की जरूरत पड़ती है ताकि हम अत्याचारी और क्रुर दुश्मन के रहमोकरम पर ना निर्भर करें। क्या ऐसे विचार वाले एक महान क्रांतिकारी को हिंसावादी कहना उचित होगा, कतई नहीं।

ध्यान देना होगा कि 1919 में जब जलियांवाला बाग हत्याकांड हुआ तो भगत सिंह का खून खौल उठा था। लेकिन उन्होंने हिंसा का रास्ता अख्तियार करने के बजाए महात्मा गांधी द्वारा चलाए गए असहयोग आंदालन का समर्थन किया। जेल में भगत सिंह ने बहुत यातनाएं सही। न तो उन्हें अच्छा खाना दिया जाता था और न ही पहनने को साफ-सुथरे कपड़े दिए जाते थे। उन्हें बुरी तरह पीटा जाता था और गालियां दी जाती थी। लेकिन वे तनिक भी विचलित नहीं हुए। उन्होंने जेल में रहते हुए ही अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति का बिगुल फूंक दिया। भगत सिंह की जनमानस में व्याप्त लोकप्रियता से अंग्रेज इस कदर डरे हुए थे कि 24 मार्च, 1931 को उन्हें फांसी पर लटकाने के बाद उनके मृत शरीर को टुकड़े-टुकड़े कर दिए। उन्हें भय था कि अगर उनके मृत शरीर को उनके परिजनों को सौंपा गया तो देश में क्रांति की ज्वाला भड़क उठेगी जिसे संभालना मुश्किल होगा। भगत सिंह ने क्रांति के बारे में स्पष्ट कहा है किसी को क्रांति शब्द की व्याख्या शाब्दिक अर्थ में नहीं करनी चाहिए, जो लोग इस शब्द का उपयोग या दुरुपयोग करते हैं उनके फायदे के हिसाब से इसे अलग-अलग अर्थ और अभिप्राय दिए जाते हैं। बिडंबना यह है कि भगत सिंह को कुछ इसी तरह के फ्रेम में फिट कर उनके क्रांतिकारी विचारों की व्याख्या की गयी है जो एक किस्म से उनकी अहिंसक विचारधारा के साथ छल है। बिडंबना यह भी कि इतिहास के पन्नों में भी उनके जीवन और बलिदान को सही रूप में दिखाने के बजाए विकृत करने की कोशिश की गयी। उदाहरण के तौर पर देश के जाने-माने इतिहासकार विपिन चंद्रा और मृदुला मुखर्जी की किताब में शहीद भगत सिंह को कथित रूप से क्रांतिकारी आतंकवादी के तौर पर उद्घृत किया गया है। यह न सिर्फ एक महान क्रांतिकारी का अपमान भर है बल्कि विकृत इतिहास लेखन की परंपरा का एक शर्मनाक बानगी भी है। विकृत इतिहास लेखन की ऐसी शरारतपूर्ण बानगियां इतिहास में और भी दर्ज हैं जिससे भारतीय इतिहास के नायकों की छवि धूमिल हुई है। महान लेखक और राजनीतिज्ञ सिसरो ने इतिहास के बारे में कहा था कि इतिहास समय के व्यतीत होने का साक्षी होता है। वह वास्तविकताओं को रोशन करता है और स्मृतियों को जिंदा रखता है। देश जानना चाहता है कि औपनिवेशिक गुलामी और शोषण के विरुद्ध आवाज बुलंद करने वाले शहीद.ए.आजम भगत सिंह किस तरह क्रांतिकारी आतंकवादी थे और इतिहास का यह विकृतिकरण किस तरह विद्यार्थियों के लिए पठनीय है। अगर भारतीय इतिहास को भारतीय चेतना व मानस के प्रकाश में लिखा गया होता तो आज भगत सिंह को क्रांतिकारी आतंकवादी या शिवाजी को पहाड़ी चूहिया अथवा चंद्रगुप्त मौर्य की सेना को डाकुओं का गिरोह नहीं कहा जाता।

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## परखें अपनी संकल्प शक्ति को



संकलित
दर्शन

संसार की सारी सफलताओं का मूल मंत्र है संकल्प शक्ति। इसी के बल पर विद्या, संपत्ति, साधनों का उपार्जन और सिद्धि की प्राप्ति होती है। यही वह आधार है, जिस पर आध्यात्मिक तपस्याएं और साधना निर्भर रहती है। यही वह संबल है, जिसे पाकर संसार में खाली हाथ आया मनुष्य वैभव सम्पन्न, ऐश्वर्यवान और विभिन्न सिद्धि प्राप्त कर दुनिया को चकित कर देता है। जीवन में उन्नति और सफलता की आकांक्षा करने से पहले अपनी संकल्प शक्ति को प्रबल तथा प्रखर बना लेने वालों को न कभी असफल होना पड़ता है और न ही निराश। हिंदू शास्त्रों में कहा गया है संकल्प मूलः कामः अर्थात कामना पूर्ति का मूल संकल्प को बताया है। प्रतिज्ञा, नियमाचरण तथा धार्मिक अनुष्ठानों में भी वृहत्तर शक्ति संकल्प की होती है। जिन विचारों-संकल्पों से मनोभूमि में स्थायी प्रभाव पड़ता है और जिनसे अंतःकरण में अमिट छाप पड़ती है, वे पुनरावृत्ति के कारण स्वभाव के अंग बन जाते हैं। ऐसे विचारों का अपना एक विशेष महत्त्व होता है। इन विचारों को क्रमबद्ध रीति से सजाने की क्रिया जिन्हें ज्ञात होती है, वे अपना भाग्य, दृष्टिकोण और वातावरण परिवर्तित कर सकते हैं और इस परिवर्तन के फलस्वरूप जीवन में कोई विशेष स्थिति या सिद्धि को प्राप्त कर सकते हैं। संकल्प का दूसरा रूप है आत्मविश्वास, साहस। यह जाग्रत व सुदृढ़ हो जाए, तो अपना विकास तेजी से पूरा करते हुए इच्छित सफलता या सिद्धि को प्राप्त कर सकेंगे। जब संकल्प शक्ति से कोई भी व्यक्ति आगे बढ़ता है, तो उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं होता।

## द्रुपद ने किया था द्रोणाचार्य का अपमान



संकलित
प्रेरणा

एक दिन सभी राजकुमार खेल रहे थे और उनकी कोई चीज कुएं में गिर गई। उन्हें कुएं से वह चीज निकालने में सफलता नहीं मिल रही थी। तभी वहां द्रोणाचार्य पहुंचे। द्रोणाचार्य ने अपनी धनुर्विद्या का उपयोग करते हुए कुएं से उनकी चीज निकाल दी। सभी ने द्रोणाचार्य के बारे में भीष्म पितामह को बताया। भीष्म तुरंत ही द्रोणाचार्य के पास पहुंचे। द्रोणाचार्य ने भीष्म से कहा कि मैं भारद्वाज ऋषि का पुत्र हूं। द्रुपद और मैं अच्छे मित्र बन गए थे। द्रुपद अपने राज्य चला गया और मैं अपने घर लौट आया। विवाह के बाद मेरा एक पुत्र हुआ अश्वत्थामा। मैं बहुत गरीब था, मेरा बेटा मुझसे दूध मांगता था, लेकिन मेरे पास उसे देने के लिए दूध नहीं था। एक दिन कुछ बच्चों ने अश्वत्थामा को पानी में आटा घोलकर दे दिया। मेरे बेटे ने आटे का पानी दूध समझकर खुशी-खुशी पी लिया। ये देखकर मुझे बहुत दुख हुआ। दुखी होकर मैं अपने मित्र द्रुपद से मदद मांगने के लिए पहुंचा। द्रुपद ने मुझे पहचानने से ही मना कर दिया और भरे दरबार में मेरा अपमान किया। उस दिन मैंने संकल्प लिया था कि मैं अपने अपमान का बदला लूंगा। अब मैं चाहता हूं कि मैं ऐसे शिष्य तैयार करूं जो द्रुपद को पराजित करें और मेरे सामने बंदी बनाकर ले आए। भीष्म ने द्रोणाचार्य की बातें सुनने के बाद कहा कि मैं आपसे बहुत प्रसन्न हूं। इसलिए अब से आप ही कौरव और पांडव राजकुमारों के गुरु होंगे। द्रोणाचार्य ने कौरव-पांडवों को इतना योग्य बना दिया कि उन्होंने द्रुपद को युद्ध में पराजित कर दिया और बंदी बनाकर द्रोणाचार्य के सामने ले आए थे।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**संसद न चलने के लिए सत्ता पक्ष जिम्मेदार**

संसद को न चलने देना, वह भी सत्तारूढ़ दल द्वारा, कुछ अटपटा सा लगता है क्योंकि संसद को सुचारू रूप से चलाने का दायित्व सरकार का होता है। संसद में समस्याओं का समाधान संवाद के माध्यम से निकाला जा सकता है और संसद में ही देश –विदेश से संबंधित विवादों को सुलझाया जा सकता है। जिस टिप्पणी को गंभीर मान कर संसद में गतिरोध चला है उस टिप्पणी को इतना गंभीर बनाने में लगता नहीं है कि कोई औचित्य रहा होगा, क्योंकि असहमति जताना और विरोध करने में ही लोकतंत्र की खूबसूरती होती है। किसी भी सूरत में असहमति जताना या विरोध करने का मतलब षड़्यंत्र नहीं माना जाता है। ऐसा भी हो सकता है कि सत्तापक्ष का राहुल की टिप्पणी को मुद्दा बनाना राजनीतिक लाभ उठाने की चाहत हो।

– रमेश पटेल, रायगढ़

## ट्रेंड

**शुरू हो गया नववर्ष**



आज से 'हिंदु कैलेंडर' का नया वर्ष शुरू हो गया है। हमारे विविधता से भरे देश भारत में सदियों से अलग-अलग कैलेंडर्स प्रचलित हैं। अभी वर्ष 2023 चल रहा है, लेकिन विक्रम संवत उससे भी 57 वर्ष पहले का है। यही हमारी संस्कृति है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

**संयम और परिपक्वता**



नववर्ष, नवरात्र, गुड़ी पड़वा की पतंजलि योगपीठ की ओर से हम शुभकामनाएं देते हैं हम योगव्रती, पुरुषार्थव्रती, स्वदेशीव्रती बन करके, दिव्य जीवन का व्रत लें, भौतिक -आध्यात्मिक समृद्धि के शिखर छूते हुए महान बनेंगे, भारत को महान बनाएंगे।

-स्वामी रामदेव, योग गुरु

**'होमसिक' का अर्थ**



आप सभी जानते हैं, अंग्रेजी मेरी पहली भाषा नहीं है, लेकिन जब मुझे काम के लिए बिहार छोड़ना पड़ा तो मुझे 'होमसिक' शब्द का अर्थ समझ में आया। इस जगह के लिए मेरे प्यार की व्याख्या करने के लिए पर्याप्त शब्द नहीं हैं।

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

**प्यार करते रहेंगे**



हमारी नई यात्रा जल्द ही शुरू होने वाली है। आप अपने घर के कलेंडर में डेट को मार्क कर लिजिए। कहीं ऐसा न हो कि आप इसे मिस कर जाएं। कल ही इसका ट्रेलर आउट होने जा रहा है। उम्मीद है कि यह आप सबको बहुत पसंद आएगा और आप हमेशा की तरह प्यार करते रहेंगे।

-सुनील ग्रोवर, अभिनेता




## करंट अफेयर

### विश्व की 26% आबादी के पास सुरक्षित पेयजल नहीं



संयुक्त राष्ट्र के पिछले 45 वर्षों में जल पर पहले बड़े सम्मेलन की पूर्व संध्या पर मंगलवार को जारी एक नयी रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया की 26 प्रतिशत आबादी को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध नहीं है, जबकि 46 फीसदी लोगों को बुनियादी स्वच्छता तक पहुंच हासिल नहीं है। संयुक्त राष्ट्र वर्ल्ड वाटर डेवलपमेंट रिपोर्ट 2023' में 2030 तक स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता तक सभी लोगों की पहुंच सुनिश्चित करने के संयुक्त राष्ट्र के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आवश्यक कदमों को भी रेखांकित किया गया है। रिपोर्ट के प्रधान संपादक रिचर्ड कोनोर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लक्ष्यों को पूरा करने की अनुमानित वार्षिक लागत कहीं न कहीं 600 अरब डॉलर से एक हजार करोड़ डॉलर के बीच है। कोनोर ने कहा कि हालांकि उतना ही महत्वपूर्ण निवेशकों, वित्तपोषकों, सरकारों और जलवायु परिवर्तन समुदायों के साथ साझेदारी करना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पैसा पर्यावरण को बनाए रखने के तरीकों में लगाया जाए और उन दो अरब लोगों को पीने योग्य पानी मिल पाए, जिनके पास सुरक्षित पेयजल नहीं है।

## ऑफ बीट

### डोमेस्टिकेशन सिंड्रोम की व्याख्या अब संभव



19वीं शताब्दी में, चार्ल्स डार्विन ऐसे चंद लोगों में से एक थे, जिन्होंने पालतू जानवरों के बारे में सबसे पहले कुछ दिलचस्प चीजों को महसूस किया: विभिन्न प्रजातियों में अक्सर उनके प्राचीन जंगली पूर्वजों की तुलना में समान परिवर्तन विकसित होते थे। लेकिन अलग-अलग पालतू जानवरों में एक साथ कुछ खास तरह के लक्षण प्रकट क्यों होते हैं? वैज्ञानिक साझा परिवर्तनों के इस संग्रह को 'डोमेस्टिकेशन सिंड्रोम' कहते हैं, और ऐसा होने का कारण अभी भी गर्मागर्म बहस का विषय है। प्रोसीडिंग्स ऑफ द रॉयल सोसाइटी बी में एक नए पेपर में, हम तर्क देते हैं कि वर्तमान में लोकप्रिय स्पष्टीकरण बिल्कुल सही नहीं हैं – और पालतू जानवरों के जीने के तरीके में बड़े बदलावों पर केंद्रित एक नई व्याख्या का प्रस्ताव करते हैं। साथ ही, हमारा सिद्धांत इस बात की अप्रत्याशित कहानी की अंतर्दृष्टि भी प्रदान करता है कि कैसे हम मनुष्यों ने खुद को पालतू बनाया। चारदीवारी के भीतर रहने के साझा परिवर्तन सबसे आम तौर पर साझा किया जाने वाला परिवर्तन शांत व्यवहार है।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## शाहपुरा में ब्राह्मण समाज ने आतिशबाजी कर मिठाई बाटी



गरीबों का सितारा

**भीलवाड़ा/प्रहलाद तेली।** शाहपुरा ब्रह्मपुत्र बंधु चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने पर शाहपुरा में खुशी की लहर छाई शाहपुरा के ब्राह्मण बंधुओं ने शाहपुरा के प्रत्येक चौराहे पर आतिशबाजी कर जश्न मनाया वह मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की जश्न मनाने में शाहपुरा के नरेश व्यास दीपक पारीक पंकज सुगंधी नगर पालिका पार्षद भगवती प्रसाद शर्मा विट्ठल शर्मा सुभाष व्यास ऋतुराज दाधीच लोकेंद्र शर्मा सैकड़ों की तादाद में ब्राह्मण बंधु उपस्थित थे।

## युवक की हत्या का खुलासा आरोपी युवक को किया गिरफ्तार



गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** नीमराणा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गत दिनों नंगली जागीर गाँव के सूखे जोहड़ में युवक का शव मिलने के मामले में पुलिस ने गहनता से पूछताछ के बाद हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार थाना अधिकारी सुणिलाल मीणा ने बताया कि गत 12 मार्च को प्रदीप बंजारा पुत्र छेलुराम बंजारा निवासी गोलावास ने पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया की मेरा भाई विक्रम बंजारा पुत्र दुलीचंद बंजारा निवासी गोलावास 11 मार्च को 3 बजे से लापता है। जिसका शव नंगली जागीर गांव के जोड़ में मिला है। बाइक शव से 50 मीटर की दूरी पर मिली। जिसे फांसी लगाकर मार रखा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने घटनास्थल के आसपास मार्गो पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला व तकनीकी सहायता से मृतक की सीडीआर निकलवाई गई। जिसमें सामने आया कि आरोपी शंकर पुत्र शेरा बंजारा 20 वर्षीय निवासी निभोंर ने हत्या करने को कबूल किया। जिसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने बताया कि उधार के रुपए मांगने व पुरानी रंजिश को लेकर हत्या की घटना को अंजाम दिया था।

## नववर्ष के भव्य स्वागत में ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह दीपों की श्रृंखला से जगमग




गरीबो का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** स्थानीय क्षेत्र में नववर्ष के स्वागत में परशुराम सर्किल श्री राम मंदिर के पास 11 हजार 111 दीपों की श्रंखलाएं व आतिशबाजी के साथ श्रीराम और भारत माता के जयकारों से गूंजायमान हुआ। नववर्ष उत्सव समिति के तत्वावधान में सदस्यों ने सात दिन पूर्व नववर्ष के लिए तैयारियां शुरू कर करते हुए पूरे शहर में भगवा ध्वज फहराए गए। श्रीराम मंदिर व के बाहर 11 हजार 111 दीपों से स्वस्तिक, परशुराम जी का फरसा, हनुमान जी की गदा धनुष बाण व ॐ की आकर्षक आकृति बनाकर दीपदान किया गया तथा भव्य आतिशबाजी की गई! मंदिर के महंत चेतनदास महाराज द्वारा दीप जलाकर नववर्ष कार्यक्रम की शुरूआत की! भव्य दीपों की श्रंखला से रंगोली इतनी आकर्षक थी कि हजारों कस्बेवासियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर रात 11 बजे तक डीजे की धुन पर भारत माता की जय के जयघोष के साथ नाचते रहे। कार्यक्रम के समापन से पूर्व भगवान श्रीराम की आरती व भारत माता की आरती की गई। साथ ही धार्मिक भजनों की प्रस्तुतियों के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में कई स्वंयसेवी संस्थाओं सहित हिंदूवादी संगठनों के सदस्यगण मौजूद थे।

भव्य आतिशबाजी एवं जयकारों से वातावरण गूंजायमान हुआ कस्बा

## सी पी जोशी को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनाने पर विप्र सेना ने जहाजपुर में कि आतिशबाजी

**जहाजपुर।** आजाद नेब चित्तौड़गढ़ के सांसद सी पी जोशी को भारतीय जनता पार्टी का प्रदेशाध्यक्ष बनाने पर परशुराम सर्किल पर विप्र सेना ने आतिशबाजी व मिठाई बाटकर खुशियां मनाई। परशुराम सर्किल पर विप्र सेना के कार्यकताओं ने जो ब्राह्मण की बात करेगा वही देश पर राज करेगा के नारों के साथ आतिशबाजी कर ब्राह्मण समाज के नेता को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर ब्राह्मण समाज के लोगों ने खुशियां मनाई है।



गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व विप्र सेना के बैनर तले ब्राह्मण समाज के लोग जयपुर में महापंचायत की थी। जहां पर ब्राह्मण समाज से मुख्यमंत्री बनाने की मुख्य मांग रखी गई थी उसके परिणाम स्वरूप भारतीय जनता पार्टी ने ब्राह्मण समाज के नेता को राजस्थान प्रदेश का मुखिया चुनकर ब्राह्मण समाज को अपनी ओर खींचने का प्रयास किया है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश पत्रिया, हेम सुल्तानिया, वाइस चेयरमैन राजीव कांटिया, एडवोकेट दीपक पंचोली, अंजनी पाराशर, योगेश पत्रिया, अनिल जोशी, कवि महेंद्र मतवाला, विक्की पत्रिया, एडवोकेट रितेश कांटिया, कमल गौड़, देवराज सुल्तानिया, राजेन्द्र पत्रिया, आशीष पारीक, चंद्र प्रकाश भट्ट, सुरेंद्र रूणिजा सहित कई ब्राहमण समाज के लोग मौजूद रहे।

# शाहपुरा में चेटीचंड पर निकाली गई वाहन रैली, आयोलाल-झूलेलाल के लगे नारे, हेमू कालानी के 100 वें जन्मदिवस पर समाज के लोगों ने दी श्रृद्धांजलि

गरीबों का सितारा

**भीलवाड़ा/ ब्यूरो चीफ प्रहलाद तेली शाहपुरा।** पूज्य सिंधी पंचायत शाहपुरा के तत्वावधान में अपने आराध्य भगवान झूलेलाल के प्राकट्य दिवस चेटीचंड महापर्व पर वाहन रैली निकाली गई। रैली में आयोलाल झूलेलाल के जयकारों ने शहर को गुंजायमान कर दिया। चेटीचंड के उपलक्ष्य में झूलेलाल की पताका और भगवा ध्वज लगे दो पहिया वाहन रैली निकाली गई। रैली का शहर में जगह-जगह जोरदार स्वागत हुआ। रैली का त्रिमूर्ति चौराहे पर पंहुचने पर हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों ने प्रदेश उपाध्यक्ष रामेश्वर लाल धाकड़ के नेतृत्व में मुकेश प्रजापत, राजू कहार, लादू भील, देवेंद्र सिंह पॅवार, गोविंद प्रजापत, मिट्ठू लाल कहार सहित अन्य पदाधिकारियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया तथा सभी को चेटीचंड की शुभकामनाएं दी। रैली को पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष लक्ष्मण पेसवानी ने दिलखुशाल बाग स्थित झूलेलाल मंदिर से भगवा झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में सिंधी युवाओं ने भगवान झूलेलाल के जयघोष के नारे शहर भर में लगाए। वाहन





रैली झूलेलाल मंदिर से रवाना होकर बालाजी की छतरी, सदर बाजार, कुंडगेट, त्रिमूर्ति चौराहा, सिंधी कालोनी, भीलवाड़ा रोड़, बस स्टेंड, कलिजंरीगेट, बालाजी की छतरी होकर पुनः झूलेलाल मंदिर दिलखुशाल बाग पर आकर संपन्न हुई। वाहन रैली में युवाओं के साथ महिलाओं व बच्चों ने भी बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। रैली के झूलेलाल मंदिर पर पंहुचने पर यहां समाजजनों ने शहीद हेमू कालाणी के 100वें जन्मदिवस पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। वाहन रैली में पंचायत के उपाध्यक्ष मोहनलाल लखपतानी, सचिव मोहनलाल केवलानी, सह सचिव नरेश तोलानी, कोषाध्यक्ष शंकर ठारवानी, संगठन मंत्री नरेश लखपतानी, प्रचार मंत्री दिनेश कुमार हेमवानी के अलावा कार्यकारिणी सदस्य हरिश कुमार ठारवानी, गंगाराम आसवानी, सुरेश वासवानी, कन्हैयालाल रोचानी, जगदीश सामतानी, सुरेश आसवानी, चुन्नीलाल आसवानी, ओमप्रकाश थावानी, राजू सामतानी,नरेश मतलानी के अलावा समाज के युवा रमेश पेसवानी, यश मतलानी, नवीन पेसवानी, हितेश पेसवानी शामिल थे। दोपहर 3 बजे मंदिर में भगवान झूलेलाल का महाअभिषेक और महाआरती वंदना का कार्यक्रम हुआ. इसके बाद शाम 4 बजे दिलखुशाल बाग स्थित झूलेलाल मंदिर में झंडारोहण, भजन कीर्तन, सत्संग, प्रसाद वितरण छेज और पूज्य बहराणा साहब का आयोजन हुआ. सांय 6 बजे झूलेलाल मंदिर से पूज्य बहराणा साहब अखंड ज्योति की शोभायात्रा प्रांरभ हुई जो बालाजी की छतरी, सदर बाजार, कुंडगेट होकर संत कंवर राम धर्मशाला पिवणिया तालाब के पास स्थित तालाब पर समाप्त हुई। जुलूस में सिंधी समाज के महिला पुरूष नाचते और भजन करते हुए ज्योति का विर्सजन करने पंहुचने। रात्रि 8 बजे बाद संत कंवर राम धर्मशाला, पिवणिया तालाब के पास में समाज के आम भंडारे का आयोजन हुआ।

## रैणी कस्बे में राजीव गांधी सेवा केंद्र पर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को दी श्रद्धांजलि

### उनकी 92 वीं पुण्यतिथि पर उनको याद किया और श्रद्धांजलि दी गई

शहीद भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव तीनो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर किए

गरीबो का सितारा



**रैणी (अलवर) महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखण्ड मुख्यालय के राजीव गांधी सेवा केंद्र व पंचायत मुख्यालय पर गुरूवार को शहीद भगत सिंह सुखदेव और राजगुरू की पुन्य तिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया और तीनो वीर शहीदो के देशहित बलिदान को याद कर उनकी जीवनी पर भी प्रकाश डाला। ये भारत के सबसे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे शहीद भगत सिंह राजगुरू और सुखदेव देश की महान विभूति है , मात्र 23 साल की उम्र में इन्होंने अपने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिये भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव पर अंग्रेजो ने मुकदमा चलाया , जिसके बाद उन्हें जेल ले जाये गये और अनेक तरह से यातनाये दी गई तथा फांसी की सजा सुनाई गई लेकिन फिर भी ये तीनो देशहित को ध्यान मे रखते हुए हसते हसते देश भक्ति गीत गाते हुए फांसी के तख्ते पर चढ गये लेकिन जीवन के अन्तिम समय तक भी ये अंग्रेज सरकार के आगे झुके नही। कोर्ट में भी तीनों इंकलाब जिंदाबाद का नारा लगाते रहे। 23 मार्च 1931 को भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को फांसी दे दी गई. कहते है कि तीनों की फांसी की तारीख तो 24 मार्च 1931 थी , लेकिन उस समय पुरे देश में उनकी रिहाई के लिए प्रदर्शन हो रहे थे , जिसके चलते ब्रिटिश सरकार को डर था , कि कहीं फैसला बदल ना जाये , जिससे उन लोगों ने 23 व 24 की मध्यरात्रि में ही तीनों को फांसी दे दी ।गुरुवार को इस कार्यक्रम के दौरान मौके पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन की पूरी टीम मौजूद थी जिनमे भावी सरपंच भूड़ा हरिराम मीना , वार्ड पंच अशोक कुमार मीना , नेपाल सिंह , विजय शर्मा , राजू किराड, दीपक जागा , भम्बल राम मीना , महावीर मीना , महेश चन्द मीना राष्टीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन के प्रदेश संयुक्त सचिव व सदस्य फतेह सिंह मीना सहित अनेक गणमान्य ग्रामीण नागरिक लोग मौजूद रहे।मिडिया को यह जानकारी स्थानीय वार्ड पंच अशोक कुमार मीना के द्वारा दी गई है।

## राजस्थान शिक्षक संघ ने हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया हिंदी नूतन वर्ष

गरीबों का सितारा





**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उप शाखा चौमूं के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्य शिक्षकों ने हिंदी नूतन वर्ष हर्षोल्लास पूर्वक मनाया ' इस अवसर पर आम नागरिकों व बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई व फल वितरित कर हिंदी नूतन वर्ष मनाया। इस मौके पर जयपुर संभाग के संगठन मंत्री बाल कृष्ण भारद्वाज ने बताया कि भारतीय कैलेंडर की गणना सूर्य और चंद्रमा के अनुसार निर्धारित होती है।दुनिया के सारे कैलेंडर किसी न किसी रूप में भारतीय कैलेंडर का ही अनुसरण करते हैं। भारतीय पंचांग और काल निर्धारण का आधार विक्रम संवत ही माना जाता है।उन्होंने आगे कहा कि भारत की महान संकृति पर हमे गर्व है। प्रदेश मीडिया प्रकोष्ठ सदस्य रोहिताश दादरवाल ने बताया कि वर्तमान पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, हिंदी महीनों, हिंदी नव वर्ष की जानकारी कराना, भारतीय संस्कृति की पहचान कराना हम सभी का कर्तव्य है।जिलाध्यक्ष चौथमल कुमावत ने बताया कि वर्तमान पीढ़ी भारतीय संस्कृति , संस्कारों आदर्शों को भूल चुकी है और पाश्चात्य संस्कृति को निरंतर अपना रही है,जिससे उनके नैतिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है। हमारी नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति की पहचान कराना शिक्षक समुदाय का परम कर्तव्य है। कार्यक्रम में उप शाखा अध्यक्ष निर्विकार शर्मा,नरसी हरितवाल मंत्री, लक्ष्मीकांत पुरोहित कोषाध्यक्ष,अजय कुमार शर्मा,सुरेंद्र कुमार शर्मा,बजरंग लाल कुमावत, सीताराम शर्मा,बनवारी लाल सैनी, पंडित सत्यनारायण शर्मा सहित अनेक पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने भाग लिया।

## भूडा पंचायत मुख्यालय पर मनाया गया शहीद दिवस, दी श्रद्धांजली

### शहीद भगत सिंह , राजगुरू और सुखदेव तीनो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर इनके बलिदान को याद किया

गरीबों का सितारा

**रैणी (अलवर) महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र के भूडा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर गुरूवार को शहीद भगत सिंह





सुखदेव और राजगुरू की पुन्य तिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। भारत के सबसे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद भगत सिंह राजगुरू और सुखदेव देश की महान विभूति है, मात्र 23 साल की उम्र में इन्होंने अपने देश के लिए प्राण न्योछावर कर दिये भगत सिंह, शिवराम राजगुरु व सुखदेव पर मुकदमा चला , जिसके बाद उन्हें फांसी की सजा सुनाई गई। कोर्ट में भी तीनों इंकलाब जिंदाबाद का नारा लगाते रहे। 23 मार्च 1931 को भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को फांसी दे दी गई. कहते है तीनों की फांसी की तारीख 24 मार्च थी , लेकिन उस समय पुरे देश में उनकी रिहाई के लिए प्रदर्शन हो रहे थे , जिसके चलते ब्रिटिश सरकार को डर था, कि कहीं फैसला बदल ना जाये , जिससे उन लोगों ने 23 व 24 की मध्यरात्रि में ही तीनों को फांसी दे दी। इस कार्यक्रम के दौरान मौके पर भावी सरपंच हरिराम मीना , पंचायत बाबु रूकमणी नंदन शर्मा , वार्ड पंच अशोक कुमार मीना , राष्टीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन के सदस्य फतेह सिंह मीना, लवकुश शर्मा, अनिश सहित अनेक गणमान्य ग्रामीण लोग मौजूद रहे।मिडिया को यह जानकारी स्थानीय वार्ड पंच अशोक कुमार मीना के द्वारा दी गई है।

## ब्रजभूमि कल्याण परिषद ने धूमधाम से मनाया नव संवत्सर, निकाली ध्वज यात्रा

### राष्ट्र प्रथम की अवधारणा ही सबसे बड़ा धर्म डॉ पंकज गुप्ता

गरीबों का सितारा



**रूपेश शर्मा अलवर।** ब्रजभूमि कल्याण परिषद के तत्वाधान में परिषद के कार्यकताओं ने ऐतिहासिक सागर से बाला किला तक केसरिया ध्वज यात्रा निकाल के नव वर्ष हिंदू नव वर्ष नव संवत्सर विक्रम संवत 2080 का उद्घोष किया परिषद के कार्यकर्ता भारत माता की जय घोष के साथ ऊर्जा के साथ पदयात्रा करते हुए सागर से किशन कुंड होते हुए धौली छतरी माता पर पहुंचे जहां पर व्यवस्थापक भारत शर्मा के साथ धौली माता की पूजा की और जयघोष के नारे लगाए सब को नव संवत्सर की शुभकामनाएं प्रेषित की, इसके बाद परिषद के कार्यकर्ता डॉ पंकज गुप्ता के नेतृत्व में चक्रधारी हनुमान जी पहुंचे वहां पूजा अर्चना की और केसरिया ध्वज का जयघोष के साथ हनुमान जी के चरणों में प्रस्तुत किया यहां से परिषद के कार्यकर्ता बाला किला मंदिर पहुंचे और वहां पर भी जयघोष के साथ केसरिया ध्वज माता के चरणों में अर्पित किया और राष्ट्र राज्य और अलवर की शांति सद्भावना विकास और सुरक्षा हेतु पूजा अर्चना की इस मौके पर ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता के अलावा जिलाध्यक्ष कैप्टन उमराव लाल सैनी, गीता परिवार के जिलाध्यक्ष अश्विनी जावल, प्रेम प्रकाश शर्मा, हरिराम शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, नितेंद्र चौधरी, मोहित चौधरी, प्रदीप कुमार सैनी, अजय कुमार, सौरभ, बाला किला हाई किंग क्लब के केके शर्मा, मोहित, नेहा, अमित, गौरव, डॉ कांति प्रसाद एवं दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे इस मौके पर बोलते हुए ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता ने कहा राष्ट्र प्रथम की अवधारणा सबसे बड़ा धर्म है और परिषद इन्हीं राष्ट्रप्रेम की अवधारणा को लेते हुए आगे बढ़ रही है और इस संदेश को जन जन तक पहुंचा रही है, हमारा जो हिंदू नव वर्ष है यह उस दिन से चल रहा है जिस दिन सृष्टि की रचना हुई थी और यह ब्रह्मांड के सिद्धांतों पर आधारित है काल गणना के अनुसार है, बाकी जितने भी अलग-अलग मान्यताओं के अनुसार नव वर्ष मनाए जाते हैं वह ब्रह्मांड के सिद्धांतों के अनुसार नहीं है और कोई भी दिन से उन्होंने कैलेंडर प्रारंभ कर दिया जबकि भारतीय नव वर्ष ज्योतिष के सिद्धांत के अनुसार है ब्रह्मांड के सिद्धांत के अनुसार है, वैज्ञानिक रूप से सत्य सनातन है।

## शहीद दिवस के उपलक्ष पर पुष्प अर्पित कर दी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि

गरीबों का सितारा

**रायला/ मुकेश जाट।** सुखदेव, राजगुरु ,भगत सिंह की शहादत दिवस के उपलक्ष पर ईरांस ग्राम पंचायत मुख्यालय पर गांव के गणमान्य नागरिक बंधुओं द्वारा स्वतंत्र सेनानियों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं प्रार्थना सभा का आयोजन कर शांति एवं अहिंसा का संदेश दिया। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी नेमीचंद शर्मा ने कहा है कि देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं नायकों के आदर्शों पर हम सभी को चलकर देश के लिए गांव के लिए अच्छे कार्य करने चाहिए हमें महापुरुषों की जयंती या एवं पुण्यतिथि पर इस प्रकार के



आयोजन जरूर करनी चाहिए उनकी शिक्षा को अपनाकर अच्छे नागरिक बनने का प्रयास करना चाहिए। इस मौके पर राजकीय उप स्वास्थ्य केंद्र स्वास्थ्य कार्यकर्ता संगीता चौधरी, जीएसएस व्यवस्थापक महेंद्र जाट, डेयरी व्यवस्थापक नंदराम जाट ,अध्यक्ष मनफूल चौधरी, नेहरू युवा संस्थान के अध्यक्ष सांवरलाल जाट भारतीय सेना के जवान दिनेश कुमार , सुखदेव जाट,लेहरु लाल जाट राजेश कुमार, कैलाश हरिजन,,विनोद कुमार सेन नेहरू युवा केंद्र भीलवाड़ा के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सुरेश चंद्र चौधरी कालियास मौजूद थे।।वही स्वामी विवेकानंद युवा संस्थान गांगलास द्वारा शहीद दिवस मनाया गया। आंगनबाड़ी केंद्र गांगलास में शहीद दिवस मनाया गया जिसमें स्वामी विवेकानंद युवा संस्थान अध्यक्ष शिवराज शर्मा ने बताया कि शहीदों के प्रति श्रद्धा भाव रखते हुए देश को आगे बढ़ाने में सदैव तत्पर रहे यही आपकी राष्ट्रभक्ति है। नेहरू युवा केंद्र गांगलास की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पण के दौरान उपस्थित ग्राम साथिन बेबी कंवर ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया आसींद ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सुरेश चंद चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि अपने संबोधन में कहा कि हर समय राष्ट्रीय के प्रति सब को समर्पित रहना चाहिए ।आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इंदिरा देवी शर्मा सहायिका लाड़ देवी आशा सहयोगिनी सीमा गर्ग ग्राम साथिन बेबी कंवर ,स्वामी विवेकानंद युवा संस्थान अध्यक्ष शिवराजशर्मा संरक्षण मनीष कुमार सुवालका ,लोकेश, शर्मा आदि मौजूद रहे

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# शहीदों को दी रक्त अर्पण कर श्रद्धांजलि शिविर में 81 यूनिट संग्रह

गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** आगूंचा में शहीद दिवस के उपलक्ष पर भगत मंडली एवं जीवन ज्योति रक्तदाता समूह के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर आयोजित जिसमें 81 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ ! ग्राम आगूचा में देश के वीर शहीद भगत सिंह, राजगुरु ,सुखदेव सहित देश के महापुरुषों के छायाचित्र के समक्ष रक्तदान प्रणेता राजेंद्र माहेश्वरी ,सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र नागर, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष केदार लाल बेरवा ,जीएसएस अध्यक्ष दली चंद गुर्जर ,रामदेव गुर्जर ,भागचंद गुर्जर मंडल अध्यक्ष गजमल गुर्जर, मुकेश पुरी सहित समस्त भगत मंडली एवं जीवन ज्योति रक्तदाता समूह के कार्यकताओं द्वारा दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया । रक्तदान शिविर में भारत माता की जय वीर शहीद अमर रहे रक्तदान महादान के नारे गूंजे। शिविर में पूर्व विधायक हगामी लाल मेवाड़ा ,पंचायत समिति हुरडा प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़ ,पूर्व पालिका अध्यक्ष गुलाबपुरा धनराज गुर्जर, पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष केदार लाल बेरवा ,पूर्व पंचायत समिति सदस्य शिव कुमार पांडे ,संस्था प्रधान शिवकुमार टेलर, सुरेंद्र माहेश्वरी आदि जनप्रतिनिधियों सहित समाजसेवियों ने शिविर में पहुंचकर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए रक्त वीरों का उत्साह वर्धन किया। प्रधान राठौड़ ने शिविर में सहयोग करने वाले सभी समाजसेवियों का उत्साह वर्धन करते हुए बताया कि विश्व में आगूचा ग्राम का नाम हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के साथ-साथ रक्तदान जागृति मैं सुविख्यात है। ऐसे पुनीत कार्य में हमेशा अग्रसर रहने का शुभ आशीष दिया। सामाजिक संस्था के पदाधिकारियों ने बताया है कि प्रत्येक वर्ष शहीद दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें क्षेत्र के रक्त वीर शहीदो को रक्त अर्पण कर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। आज इस शिविर में 81 रक्त वीरों ने रक्तदान रूपी यज्ञ में अपने रक्त की आहुति दी है जिसमें जे एल एन ब्लड बैंक अजमेर एवं रामसनेही ब्लड बैंक भीलवाड़ा ने रक्त संग्रह किया है। शिविर में भगत मंडली एवं जीवन ज्योति रक्तदाता समूह के समस्त कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहकर से सेवाएं दी।



# विधायक के कार्यकताओं ने सांसद और भाजपा नेत्री का पुतला फूंका





गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** कस्बे के पुलिस थाने के सामने गुरुवार को सैकड़ो महिला व पुरुषों के द्वारा अलवर सांसद महंत बालक नाथ योगी व भाजपा नेत्री शानू यादव का चप्पलों की माला डालकर पुलिस थाने के मुख्य दरवाजे के सामने दोनों का पुतला जलाया गया। इस दौरान मौजूद प्रदर्शनकारियों ने सांसद व भाजपा नेत्री मुदार्बाद के नारे लगाए गए व बताया कि विधायक बलजीत यादव द्वारा क्षेत्र में अच्छे विकास कार्य करवाए गए है। महिला वर्ग का सम्मान करते है। जिन्हें ये लोग काम नही करने देते वहीं बताया कि मिडवे में विधायक द्वारा किसी भी नेता व नेत्री का नाम नही लिया गया। जबकि उनके द्वारा विधायक को अशब्द बोले गए। इस दौरान पंचायत समिति उप प्रधान गजराज यादव, हवासिंह गुर्जर, संतोष रावत, रविन्द्र मेहरा सहित सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष एकत्रित रहे। बहरोड़ को जिला बनाने को लेकर बहरोड़ विधायक का कस्बे के मिडवे में क्षेत्र के लोगों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया था। इस दौरान अपने उद्बोधन में विधायक बलजीत यादव ने भाजपा नेत्री व सांसद महंत बालकनाथ पर कोड भाषा में विभिन्न आरोप लगाया था।जिसको लेकर दूसरे दिन भाजपा नेत्री की ओर से सैकड़ों महिलाओं के साथ पुलिस थाने के सामने विधायक बलजीत यादव का पुतला जलाया गया व गुरुवार को जखराना में ग्राम चौपाल में सैकड़ों महिला पुरुषों द्वारा विधायक का विरोध किया गया व पुतला फूंका गया इसी को लेकर विधायक कार्यकताओं ने सांसद व भाजपा नेत्री का पुतला फूंका।



## लक्ष्मणगढ़ में शहीदी दिवस मनाया

गरीबो का सितारा

**लक्ष्मणगढ़।** लक्ष्मणगढ़ कस्बे शहीदी दिवस पर युवा भारत जिला प्रभारी चेतन पाराशर के नेतृत्व में भगत सिंह सर्किल पर स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर देश के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महेश साहू, जगदीश, राकेश खुटेटा, महिला तहसील प्रभारी सुमन, राधा, रामअवतार, राजेंद्र शर्मा, जीतू पाराशर, धर्मेंद्र गुप्ता, नीरज चौधरी, भरती साहू, स्वरुप चंद आदि मौजूद रहे। वही इधर कस्बे के युवाओ ने त्रिलोक मीना के नेतृत्व में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्पर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान त्रिलोक मीना, युवा भाजपा नेता त्रिलोक मीणा, भरत गुर्जर, जसवंत नरुका, वेदप्रकाश शर्मा सहित अन्य युवा मौजूद रहे।

## लक्ष्मणगढ़ में कांग्रेसियों ने मनाया शहीद दिवस, भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्पर्पित किये

गरीबो का सितारा

**लक्ष्मणगढ़।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा कस्बे में भगत सिंह सर्किल पर शहीदी दिवस मनाया गया। लाल मोहम्मद हरसाना ने बताया कि ब्लॉक अध्यक्ष नवीन शर्मा हरसाना के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकताओं व पदाधिकारियों के द्वारा शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पर्पित किये। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष नवीन शर्मा, उपाध्यक्ष लाल मोहम्मद हरसाना, मीना गुप्ता, मंगतू विजय, श्योदान प्रजापत, हारुन खान, मोहम्मद रफीक, युवा कांग्रेस नेता इकबाल खान, जिला पार्षद विजेन्द्र मीणा, शेर सिंह, शुभम नागर, नरेंद्र नागर, दल्ली खान, ब्रजलाल मीणा, सोनू वर्मा, दिनेश मीणा सहित उपस्थित रहे।

## सांसद सीपी जोशी के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने पर मिठाई वितरित कर खुशी की प्रकट

गरीबो का सितारा

**लक्ष्मणगढ़।** सीपी जोशी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर लक्ष्मणगढ़ मे राहुल पटेल हरसाना के नेतृत्व मे भाजपा के कार्यकर्ताओ ने आतिशबाजी कर व मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। कार्यक्रम संयोजक विक्रम शर्मा ने बताया की सीपी जोशी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर कार्यकर्ताओ मे भारी उत्साह और उमंग के साथ मिठाई खिलाकर , ढौल नगाड़े बजाकर कर अतिशवाजी कर मिठाई वितरित की। इस दौरान हितेश कुमावत, वेदप्रकाश शर्मा, गुलशन, पंडित त्रिलोक सैदावत, योगेश कुमावत, पप्पू सैनी, हरिओम जोशी, सोनू मीणा के अलावा दर्जनों भाजपाई मौजूद रहे।

## लक्ष्मणगढ़ कृषि उपज मंडी आज रहेगी बंद

गरीबो का सितारा

**लक्ष्मणगढ़।** गणगौर मेले के उपलक्ष्य में शुक्रवार को कस्बा लक्ष्मणगढ़ की कृषि उपज मंडी बंद रहेगी। अध्यक्ष विनोद कुमार अरोड़ा व सचिन खारवाल ने बताया कि गणगौर मेले के पर्व को देखते हुए सभी व्यापारियों की सहमति से शुक्रवार को लक्ष्मणगढ़ कस्बे की कृषि उपज मंडी बंद रहेगी। बंद के दौरान मंडी में किसानों की जिंसों का खरीद बेचान नहीं होगा।

## नुक्कड़ नाटक का आयोजन:गांगलास में नुक्कड़ नाटक कर चिराली योजनाओं की दी जानकारी



गरीबो का सितारा

**रायला/ मुकेश जाट।** रायला के गांगलास में भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र गांगलास में लोक कलाकारों राजेंद्र, सुराजी, सुरेश कुमार, नरसी जी, द्वारा गुरुवार को बढ़ते महिला पर हिंसा की रोकथाम के लिए राजस्थान सरकार द्वारा चलाई जा चिराली योजना के बारे में प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक के प्रोग्राम ग्राम साथिन बेबी कंवर के देखरेख में करवाया गया महिला सशक्तिकरण , महिला सुरक्षा, हिंसा , भेदभाव, योजनाओं के बीच कानूनो के प्रति समुदाय को संवेदनशील विषयों पर जागरूक लाने हेतु नुक्कड़ नाटक दिखा कर राजस्थान सरकार द्वारा चलाई गई चिराली योजनाओं के बारे में लोगों को बताया कार्यक्रम लगभग 30 से अधिक महिलाएं और पुरुष शामिल हुए कार्यक्रम 1घंटे तक चला जिसमें ग्राम साथिन बेबी कंवर , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता इंदिरा देवी शर्मा सहायिका लाड़ देवी आशा सहयोगिनी सीमा, किशन वैष्णव, शंकर दास,जमना जोट, शिवराज शर्मा मनीष कुमार सुवालका, मिठु लाल शर्मा भंवर लाल जोशी सुरेश वैष्णव, बग्सू नेगाडी, आदि उपस्थित थे।

# शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु की शहादत को किया याद

## शहीद दिवस पर हुआ सर्वधर्म सभा एवं शांति मार्च का आयोजन किया गया





गरीबों का सितारा

**जयपुर।** शहीद दिवस के अवसर पर जयपुर में गुरुवार को जिला मुख्यालय, उपखण्ड मुख्यालय एवं पंचायत समिति मुख्यालय पर शांति मार्च का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की स्मृति में सर्वधर्म सभा एवं शांति मार्च का आयोजन राजधानी जयपुर के शिक्षा संकुल परिसर में हुआ। महान स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी शहादत को याद किया गया। सर्वधर्म सभा के बाद शिक्षा संकुल से जवाहर लाल नेहरू मार्ग स्थित महात्मा गांधी सर्किल तक शांति मार्च निकाला गया। शांति एवं अहिंसा निदेशालय के निदेशक मनीष कुमार शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर मार्च को रवाना किया। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड, नेहरू युवा केन्द्र के युवाओं के साथ-साथ गांधीवादी संस्थाओं, खादी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हाथों में तख्तियां लेकर एवं शहीदों के जयकारे लगाते हुए शांति मार्च में भाग लिया। इस मौके पर शांति एवं अहिंसा विभाग के शासन सचिव नरेश ठकराल, शांति एवं अहिंसा निदेशालय के निदेशक मनीष कुमार शर्मा ने सर्वधर्म सभा को संबोधित किया। ठकराल ने अपने संबोधन में बच्चों को महान स्वतंत्रता सेनानियों के व्यक्तित्व एवं चरित्र से प्रेरणा लेने का आह्वान किया और कहा कि जीवन में सफल होने के लिए हमें स्वयं के लिए उच्च नैतिक मापदण्ड तय करने होंगे। वहीं, मनीष कुमार शर्मा ने कहा कि देश शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के सर्वस्व एवं सर्वोच्च बलिदान के लिए हमेशा कृतज्ञ रहेगा। कार्यक्रम में जयपुर के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष चन्द्र यादव, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) राजेन्द्र कुमार शर्मा, शांति एवं अहिंसा विभाग के उपनिदेशक हाकम खान सहित शिक्षा विभाग, शांति एवं अहिंसा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# संभागीय आयुक्त की पहल पर पत्रकारों ने जानी डेयरी की कार्य प्रणाली





गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन की पहल पर गुरुवार को पत्रकारों ने उरमूल डेयरी का शैक्षणिक भ्रमण किया। डेयरी के प्रबंध संचालक बाबूलाल बिश्नोई ने पत्रकारों को दुग्ध पालकों से दूध प्राप्त होने से लेकर इसकी प्रोसेसिंग, पाश्चराइजेशन और पैकेजिंग तक की संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने डेयरी के प्रमुख उत्पाद दूध, दही, छाछ, घी, श्रीखंड आदि निर्माण प्रक्रिया की जानकारी दी। डेयरी के चेयरमैन नोपाराम जाखड़ ने बताया कि सभी उत्पादों के निर्माण में शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाता है और गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाता। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा गोपालकों को प्रति लीटर ?5 सब्सिडी दिए जाने को बेहद लाभकारी बताया। उन्होंने प्लांट की मशीनरी की जानकारी दी। संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन ने कहा कि डेयरी के उत्पादों और इसकी शुद्धता की जानकारी आमजन तक पहुंचे, इसके मद्देनजर यह शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया है। उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने इन उत्पादों के प्रचार प्रसार का आह्वान किया। सहायक निदेशक (जनसंपर्क) हरि शंकर आचार्य ने कहा कि भ्रमण से युवा पत्रकारों को डेयरी की कार्यप्रणाली की जानकारी मिलेगी। बीकानेर प्रेस क्लब के अध्यक्ष जयनारायण बिस्सा ने कहा कि पत्रकारों द्वारा सामाजिक सरोकार के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई जाती है। जार के जिलाध्यक्ष श्याम मारू ने संगठन की अब तक की गतिविधियों की जानकारी दी। प्रदेश उपाध्यक्ष भवानी जोशी ने स्वागत उद्बोधन दिया। जार के महासचिव अजीज भुट्टा ने आभार जताया। इस दौरान जार की ओर से संभागीय आयुक्त, डेयरी चेयरमैन, प्रबंध निदेशक, सहायक निदेशक (जनसंपर्क) और डेयरी के प्रशासनिक अधिकारी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त और डेयरी चेयरमेन ने पौधारोपण किया। इस दौरान जनसंपर्क विभाग के सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक दिनेश चंद्र सक्सेना, डेयरी के प्रशासनिक अधिकारी सलीम भाटी, प्लांट मैनेजर भरत सिंह सहित पत्रकार मौजूद रहे।

## सीपी जोशी के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

गरीबों का सितारा



**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष पद पर सीपी जोशी के नियुक्त होने पर भाजपा नेताओं ने आतिशबाजी कर और मिठाईयां बांटकर जश्न मनाया। सीपी जोशी की घोषणा से बीकानेर भाजपा कार्यकताओं में खुशी का माहौल है। भाजपा के लोगों का कहना है कि संगठन के प्रति समर्पित सरल व्यक्तिव के धनी सीपी जोशी की नियुक्ति से संगठन को बल मिलेगा और आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा 180 सीट के साथ राजस्थान में परचम लहराएगी। आज के जश्न में ललित भान सोलंकी, पंकज गहलोत, जेपी व्यास, नवरतन सिंह, मनीष सोनी, सुशील शर्मा, गौरव चौधरी, सीटू रावत, श्रवन सिंह, निशांत गौड़, गिरधारी सिंह, जमनलाल गजरा, रमेश सैनी, कुणाल कोचर, मनीष कामरा, रमेश छींपा, पवन भाटी सहित कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपाईयों ने शहीद दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया



गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** स्थानीय भाजपाईयों ने शहीद दिवस पर शहीदों को भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य धनराज गुर्जर के नेतृत्व मे 29 मिल चौराहे पर दीप प्रजवलित कर,पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर नमन किया गया ! इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष हरीश शर्मा,पालिका उपाध्यक्ष एडवोकेट सावरनाथ योगी, रघुवीर वैष्णव, मुन्ना भाई, प्रवीण सहाड़ा, ओम प्रकाश दाधीच, कैलाश लड्डा,रामेश्वर दीप छापरवाल, अनुप जोजावत, कृष्ण सिंह राजावत, गौतम आँचलिया, पिंटू वैष्णव, अंकित शर्मा, पार्षद रोहित चौधरी, महादेव जाट, महेंद्र सिंह चुंडावत, अजय गुर्जर, पवन राज पारीक, शेर मोहम्मद, हमीद भाई, विनीत शर्मा, सतीश पेसवानी, अमित कोगटा, किशन गुर्जर, देवांश, सूरज मल, मुन्ना, मुकेश, छितर सिंह, ईश्वर लाल ,गोपाल लाल, कन्हैयालाल, सलमान भाई, शाहरुख, सद्दाम भाई ,समीर आदि मौजूद थे।

## गांधी विधालय में सर्व धर्म प्रार्थना और श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**गुलाबपुरा/रामकिशन वैष्णव।** शहीद स्मारक 29 मील चौराहे पर प्रातः बजे स्वतंत्रता सेनानी अमरशहीद भगत सिंह , अमर शहीद राजगुरु एवं अमर शहीद सुखदेव की स्मृति में शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। ततपश्चात श्री गाँधी विद्यालय प्रांगण में सर्वधर्म प्रार्थना एवं श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। उसके पश्चात स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा। गुलाबपुरा के मुख्य बाजारों में शहीदों के सम्मान में अहिंसा मार्च (रैली) निकलते हुए राष्ट्रीय ध्वज लेकर शहीदों के सम्मान में नारे लगाते हुए इंकलाब जिंदाबाद समस्त शहीद अमर रहे नारो के साथ नगरपालिका के समाने मेवाड़ की आन बान शान मेवाड़ शिरोमणि महाराणा प्रताप सर्किल पर रैली समापन किया गया। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी विनोद कुमार मीणा, विकास अधिकारी ज्योति प्रजापति, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण नागर, ब्लॉक हुरड़ा गुलाबपुरा के गाँधी जीवन दर्शन समिति के सयोंजक महावीर लड्ढ़ा, सह संयोजक रामदेव खारोल, विनोद कुमार पुरोहित, श्री गाँधी विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्यनारायण अग्रवाल , स्काउट गाइड लाल साहब सिंह, देवपाल शर्मा सहित सरकारी विभागों के अधिकारी एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राए उपस्थित थे।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# आईपीएल का नया नियम : टॉस के बाद अंतिम एकादश चुन सकते हैं कप्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीसीसीआई द्वारा जारी खेलने के नए नियमों के अनुसार इंडियन प्रीमियर लीग टीमों के कप्तान अब टॉस से पहले 'खिलाड़ियों के नाम की सूची' देने से बजाय टॉस के बाद अंतिम एकादश का चयन कर सकते हैं। खेलने की शर्तों के अनुच्छेद 1.2.1 के अनुसार, 'प्रत्येक कप्तान को टॉस के बाद अपने अंतिम 11 खिलाड़ियों और अधिकतम पांच स्थानापन्न क्षेत्ररक्षकों के नाम लिखित में आईपीएल मैच रेफरी को देने होंगे। अनुच्छेद 1.2.9 के अनुसार किसी भी सदस्य को चुने जाने के बाद और खेल शुरू होने से पहले प्रतिद्वंद्वी कप्तान की सहमति के बिना बदला नहीं जा सकता।' इसका मतलब है कि टॉस के बाद अगर किसी कप्तान को लगता है कि उसे परिस्थिति के हिसाब से अपने अंतिम एकादश में बदलाव की जरूरत है तो वह मैच शुरू होने तक ऐसा करने के लिए स्वतंत्र है।

### अन्य रोमांचक नियम

- 'इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूशन' नियम में एक नए खिलाड़ी को मैच के दौरान पांच निर्धारित स्थानापन्न खिलाड़ियों से बदला जा सकता है।
- आवंटित समय में पूरा नहीं किए गए प्रत्येक ओवर के लिए 30-यार्ड सर्कल के बाहर केवल चार क्षेत्ररक्षकों की ओवर-रेट पेनल्टी।
- एक फील्डर द्वारा अनुचित हरकत का परिणाम डेड बॉल और पांच पेनल्टी रन होंगे।



## विकेटकीपर अपनी स्थिति में नहीं कर सकेंगे बदलाव

नियमों में एक अन्य बदलाव विकेटकीपर की अनुचित गतिविधि के लिए जुर्माना लगाना है, अगर वह बल्लेबाज के गेंद खेलने से पहले अपनी स्थिति में बदलाव करता है। विकेटकीपर द्वारा अनुचित गतिविधि में अंपायर इसे 'डेड' गेंद घोषित कर सकता है और दूसरे अंपायर को ऐसा करने के कारण के बारे में सूचित कर सकता है। गेंदबाज के छोर के अंपायर को फिर 'वाइड या नो बॉल' के लिए एक रन का जुर्माना लगाना होगा और अगर उसे लगेगा तो वह बल्लेबाजी करने वाली टीम को पांच पेनल्टी रन भी दे सकता है। अंपायर अपनी इस कार्रवाई के कारण के बारे में क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम के कप्तान को सूचित करेगा। वह बल्लेबाजों और जितना जल्दी हो सके बल्लेबाजी करने वाली टीम के कप्तान को बताएगा।'



### एसए20 लीग से आया नियम

*बता दें कि, टॉस के बाद टीमों को अपने XI की घोषणा करने का यह नियम एसए20 लीग में बनाया गया था। एसए20 की तरह ही अब आईपीएल में भी इस नियम को लागू किया जाएगा। एसए20 लीग में टीमों ने टॉस के बाद अपने प्लेइंग इलेवन की घोषणा करने से पहले टीम शीट पर 13 नाम रखे। एसए20 टूर्नामेंट के निदेशक ग्रीम स्मिथ ने तब कहा था कि इस कदम को /"टॉस के प्रभाव को कम करने /" के लिए डिजाइन किया गया था और परिस्थितियों के आधार पर एक समान खेल मैदान की अनुमति दी गई थी।*

## खबर संक्षेप




### एमएलसी में टैक्सास के कोच होंगे फ्लेमिंग

**डलास।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग मेजर क्रिकेट लीग में डलास स्थित टैक्सास सुपर किंग्स टीम के कोच होंगे जिसने आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स के साथ करार किया है। चार बार की आईपीएल चैंपियन सीएसके ने हाल ही में कहा था कि अमेरिका में नए टी20 टूर्नामेंट के लिए वह कोई बड़ा खुलासा करेगी। टीएसके ने एक बयान में कहा कि फ्लेमिंग को सीएसके के अनुभव का मैदान पर लाभ मिलेगा।

### रेस्त्रां में गए मेसी को प्रशंसकों ने घेरा

**ब्यूनस आयर्स।** यहां पालेरमो में हजारों फुटबॉलप्रेमियों ने एक रेस्त्रां को घेर लिया जब उन्हें पता लगा कि स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी उसमें डिनर कर रहे हैं। मेसी की एक झलक पाने के लिए लोग डॉन जूलियो रेस्त्रां के पास पहुंच गए। मेसी को बाहर निकलने के लिए पुलिस की मदद लेनी पड़ी। सड़क पर खड़े प्रशंसक 'मेसी मेसी' चिल्ला रहे थे। कतर में हुए विश्व कप में मेसी ने अर्जेंटीना को तीसरा खिताब दिलाया। विश्व कप जीतने से मेसी का अर्जेंटीना में वह दर्जा मिल गया जो सिर्फ माराडोना को हासिल था।



### जर्मनी के फुटबॉलर ओजिल का संन्यास



**इस्तांबुल।** जर्मनी के पूर्व मिडफील्डर मेसुत ओजिल ने चोटों से परेशान होकर बुधवार को फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की। इस 34 साल के खिलाड़ी ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा, 'मुझे 17 साल तक पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी के तौर पर खेलने का सम्मान मिला और मैं इस मौके के लिए शुक्रगुजार हूं।' जर्मनी की 2014 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य ओजिल ने कहा, 'हाल के हफ्तों और महीनों में कुछ चोटें लगी जिससे स्पष्ट हो गया कि अब फुटबॉल के बड़े मंच को छोड़ने का समय आ गया है।'

### हरंगचल बने किक बाक्सिंग चैंपियन

**यरुशलम।** मिजोरम से 2020 में इजराइल आकर बसे भारतीय ओबेद हरंगचल ने यहां किकबाक्सिंग चैंपियनशिप जीती जिससे इस प्रवासी यहूदी के अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व करने की संभावना है। हरंगचल ने शुक्रवार को गालीली में 57 किग्रा श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करते हुए खिताब जीता। इसमें देश भर के क्लबों से 150 प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया।



## क्रिकेट : टीम इंडिया को तीसरे वनडे में मिली 21 रन से हार

# भारत ने गंवाई नंबर-1 की रैंकिंग सीरीज 2-1 से जीता आस्ट्रेलिया

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

आस्ट्रेलिया ने भारत को महत्वपूर्ण मौकों पर झटके देकर बुधवार को यहां तीसरे और अंतिम वनडे में 21 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। इस हार का नतीजा ये हुआ कि भारत को हटाकर ऑस्ट्रेलिया वनडे रैंकिंग में नंबर-1 पर पहुंच गया है। भारतीय बल्लेबाजी फिर आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के दबाव में आ गई और चेपक की धीमी पिच पर लक्ष्य का पीछा करते हुए 49.1 ओवर में 248 रन पर सिमट गई। विराट कोहली का अर्धशतक भी भारत को हार से नहीं बचा सका।

आस्ट्रेलिया ने पहला वनडे पांच विकेट से गंवाने के बाद वापसी करते हुए लगातार दो वनडे में जीत दर्ज की। आस्ट्रेलियाई के पुछल्ले बल्लेबाजों ने 49 ओवर में सिमटने से पहले 269 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में मदद की। ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल मार्श ने सबसे ज्यादा 47 और एलेक्स केरी ने 38 रनों की पारी खेली। इसके अलावा मार्नस लाबुशेन ने 28 और ट्रेविस हेड ने 33 रनों की पारी खेली।




### घर में 26 सीरीज बाद मिली हार

टीम इंडिया घरेलू मैदान पर 26 सीरीज बाद किसी भी फॉर्मेट की बाइलेटरल सीरीज हारी है। इस दौरान भारतीय टीम ने 24 सीरीज जीती और 2 ड्रॉ खेली हैं। फरवरी 2019 में ऑस्ट्रेलिया ने टीम को एक टी-20 और 5 वनडे की सीरीज 3-2 से हराई थी। इसके बाद टीम ने 7 वनडे और 6 टेस्ट सीरीज जीती। टीम ने इस दौरान 13 टी-20 सीरीज में 11 जीती और 2 ड्रॉ खेली। इस तरह भारत तीनों फॉर्मेट मिलाकर घरेलू मैदान पर 26 सीरीज बाद कोई श्रृंखला हारा है।

### सूर्या के नाम शर्मनाक रिकार्ड

सूर्यकुमार यादव लगातार तीसरे वनडे में गोल्डन डक का शिकार हुए। वे पहले और दूसरे वनडे में मिचेल स्टार्क की बॉल पर पगबाधा हुए थे। सूर्या बैटिंग हैट्रिक बनाने वाले 13वें इंटरनेशनल खिलाड़ी हैं। जब कोई बल्लेबाज लगातार तीन पारियों की पहली बॉल पर जीरो पर आउट होता है, तो उसे बैटिंग हैट्रिक कहते हैं। सूर्यकुमार से पहले भारत के सचिन तेंदुलकर, अनिल कुंबले, जहीर खान, ईशांत शर्मा और जसप्रीत बुमराह भी लगातार 3 वनडे में शून्य पर पवेलियन लौटे हैं, लेकिन तीनों ही लगातार पहली बॉल पर आउट नहीं हुए थे।

### जंपा बने प्लेयर ऑफ द मैच

प्लेयर ऑफ द मैच ऑस्ट्रेलिया के एडम जंपा ने दूसरी पारी में हर बार भारतीय बैटर्स को परेशान किया। जंपा ने पारी के 12वें ओवर में शुभमन गिल (37) को पगबाधा किया। फिर 27वें ओवर में सेट बैटर केएल राहुल (32) को भी कैच आउट कराया। इसके बाद उन्होंने सेट बैटर हार्दिक पंड्या (40) और रवींद्र जडेजा (18) को भी कैच आउट कर टीम इंडिया को 8वां झटका दिया। इन झटकों से टीम इंडिया उबर नहीं सकी।

### स्कोर बोर्ड

| आस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| हेड का कुलदीप बो पंड्या | 33 | 31 | 4 | 2 |
| मिचेल मार्श बो पंड्या | 47 | 47 | 8 | 1 |
| स्मिथ का राहुल बो पंड्या | 00 | 03 | 0 | 0 |
| वॉर्नर का पंड्या बो कुलदीप | 23 | 31 | 1 | 0 |
| लाबुशेन का गिल बो कुलदीप | 28 | 45 | 1 | 1 |
| एलेक्स कैरी बो कुलदीप यादव | 38 | 46 | 2 | 1 |
| स्टोइनिस का गिल बो अक्षर | 25 | 26 | 3 | 0 |
| सीन एबोट बो अक्षर पटेल | 26 | 23 | 2 | 1 |
| एगर का अक्षर बो सिराज | 17 | 21 | 0 | 1 |
| स्टार्क का जडेजा बो सिराज | 10 | 11 | 0 | 1 |
| एडम जम्पा नाबाद | 10 | 11 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 49 ओवर में 269/10
गेंदबाजी : शमी 6-0-37-0, सिराज 7-1-37-2, अक्षर 8-0-57-2, पंड्या 8-0-44-3, जडेजा 10-0-34-0, कुलदीप 10-1-56-3.

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का स्टार्क बो एबोट | 30 | 17 | 2 | 2 |
| शुभमन पगबाधा बो जम्पा | 37 | 49 | 4 | 1 |
| कोहली का वार्नर बो एगर | 54 | 72 | 2 | 1 |
| राहुल का एबोट बो जम्पा | 32 | 50 | 2 | 1 |
| अक्षर पटेल रन आउट | 02 | 04 | 0 | 0 |
| पंड्या का स्मिथ बो जम्पा | 40 | 40 | 3 | 1 |
| सूर्यकुमार यादव बो एगर | 00 | 01 | 0 | 0 |
| जडेजा का स्टोइनिस बो जम्पा | 18 | 33 | 1 | 0 |
| कुलदीप यादव रन आउट | 06 | 15 | 0 | 0 |
| मोहम्मद शमी बो स्टोइनिस | 14 | 10 | 1 | 1 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 03 | 05 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 49.1 ओवर में 248/10
दबाजी : स्टार्क 10-0-67-0, स्टोइनिस 9.1-1-43-1, सीन एबोट 10-0-50-1, जम्पा 10-0-45-4, एगर 10-0-41-2.

## वर्ल्ड कप : सरबजोत को एयर पिस्टल में स्वर्ण, महिलाएं चूकीं



एजेंसी ▶▶| भोपाल

भारत के सरबजोत सिंह ने आईएसएसएफ पिस्टल राइफल विश्व कप में पुरुषों के एयर पिस्टल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत के पदकों का खाता खोला जबकि वरुण तोमर को इसी स्पर्धा में कांस्य पदक मिला।

भारतीय महिला एयर पिस्टल निशानेबाज हालांकि पदक नहीं जीत सकीं। मनु भाकर, दिव्या सुब्बाराजू और रिदम सांगवान को पराजय हाथ लगी। दो साल पहले टीम और मिश्रित टीम वर्ग में जूनियर विश्व चैंपियन रहे सरबजोत ने अजरबैजान के रुस्लान लुनेव को 16-0 से हराया। उन्होंने इससे पहले क्वालीफाइंग दौर में 585 अंक बनाए थे। सरबजोत ने क्वालीफिकेशन सीरिज में 98, 97, 99, 97, 97, 97 का स्कोर किया। चीन के लियु जिनयाओ दूसरे स्थान पर रहे। रैंकिंग या एलिमिनेशन दौर में सरबजोत ने 253.2 और रुस्लान ने 251.9 अंक बनाए। वरुण 250.3 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे।

### भारत में 10 साल बाद यूरोपीय चैलेंज टूर की वापसी



**बेंगलुरु।** भारतीय गोल्फरों को अब यहां केजीए गोल्फ कोर्स पर लगातार दो यूरोपीय चैलेंजर टूर टूर्नामेंट खेलने का मौका मिला मिलेगा। इन दो में में से 300,000 डॉलर पुरस्कार राशि का पहला टूर्नामेंट 'डंकन टेलर ब्लैक बुल चैलेंज' गुरूवार को यहां शुरू होगा जिसमें भारत के ज्यादातर स्टार गोल्फर हिस्सा लेंगे। यूरोपीय चैलेंज टूर 10 साल बाद भारत में वापसी कर रहा है।

## छत्तीसगढ़ की बालिका टीम जीती राजस्थान से बालकों को मिली हार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

हॉकी इण्डिया द्वारा संचालित व हॉकी छत्तीसगढ़ की मेजबानी में आयोजित प्रथम हॉकी इंडिया वेस्ट जोन जूनियर हॉकी चैंपियनशीप में बुधवार को बालिका वर्ग में महाराष्ट्र ने गुजरात को 13-0 से व मेजबान छत्तीसगढ़ ने राजस्थान को 3-1 से हराया। वहीं बालक वर्ग में हॉकी महाराष्ट्र ने हॉकी गुजरात को एकतरफा मुकाबले में 12-1 से हराया। चौथे मैच मे मेजबान छत्तीसगढ़ के बालकों को राजस्थान के हाथों 2-1 से पराजय का सामना करना पड़ा। प्रतियोगिता के चौथे दिन के पहले मैच में बालिका वर्ग में हॉकी महाराष्ट्र ने हॉकी गुजरात को 13-0



गोल से पराजित किया। महाराष्ट्र की ओर से तनुश्री ने 4 शनिका चन्दकांत माने ने 3 गोल, क्रुरसना और सुकन्या ने 2-2 गोल व तनिष्का व संजना ने 1-1 गोल किया। दूसरे मैच में मेजबान छत्तीसगढ़ की बालिकाओं ने हॉकी राजस्थान को 3-1 से पराजित किया। पहले क्वार्टर में दोनों टीमें 1-1 गोल की बराबरी पर थी। वहीं दूसरे व तीसरे क्वार्टर में छत्तीसगढ़ ने 1-1 गोल करते हुए 3-1 गोल से मैच अपने पक्ष में कर लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से सोनम साहू ने 2 व गीता यादव ने 1 गोल किया। राजस्थान की ओर से कोमल गुर्जर ने 1 गोल किया।

**प्रदेश के बालकों ने किया निराश**

दोपहर में खेले गए बालक वर्ग के चौथे मैच में मेजबान छत्तीसगढ़ राजस्थान की टीमें पहले क्वार्टर में गोल नहीं कर सकी थीं। वही दूसरे क्वार्टर के 21वें मिनट में राजस्थान के सुधीर ने गोल किया। तीसरे क्वार्टर में भी राजस्थान 1-0 गोल से आगे थी। चौथे क्वार्टर में 50वें मिनट में राजस्थान के जितेन्द्र सिंह शेखावत ने दूसरा गोल कर 2-0 से बढ़त बना ली थी। मैच के अंतिम सेकंड में छत्तीसगढ़ के जीतू हेमला ने मैदानी गोल कर हार के अंतर को 2-1 पर ला दिया।

### थापा के गोल से भारत ने म्यांमा को हराया

***इम्फाल।*** *अनिरुद्ध थापा के पहले हाफ के इंजुरी समय में किए गए गोल की मदद से भारत ने बुधवार को यहां तीन देशों के अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में म्यांमां पर 1-0 से जीत दर्ज की। भारत ने पूरे मैच में दबदबा बनाया जिसे देखते हुए जीत का अंतर थोड़ा बड़ा होना चाहिए था लेकिन मौके चूकने के साथ भाग्य का साथ नहीं देने से मेजबान टीम ज्यादा गोल नहीं दाग सकी। भारतीय विंगर बिपिन सिंह और लालियानजुआला चांगटे शुरू से ही फुर्तीले रहे और उन्होंने प्रतिद्वंद्वी के खेमे में लगातार सेंध लगाई। भारतीय कप्तान सुनील छेत्री के प्रयास भी विफल रहे।*

## विश्व चैंपियनशिप : निकहत और लवलीना अंतिम-4 में, भारत के चार पदक पक्के

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रबल दावेदार निखत जरीन और लवलीना बोरगोहेन ने बुधवार को यहां उम्मीदों के अनुसार प्रदर्शन करते हुए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत के लिए पदक पक्के किए। इन दोनों के अलावा राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन नीतू गंघास (48 किलो) और अनुभवी स्वीटी बूरा (81 किग्रा) भी अंतिम चार में पहुंच गई। नए वजन वर्ग में खेलते हुए मौजूदा चैंपियन निकहत (50 किग्रा) ने थाईलैंड की



चुथामाट रकसात को 5-2 से हराकर अपना दूसरा विश्व चैंपियनशिप पदक पक्का किया जबकि लवलीना (75 किग्रा) ने मोजाम्बिक की एडोसिंडा राडी ग्रामाने पर 5-0 से जीत हासिल की। निकहत का सामना अब सेमीफाइनल में कोलंबिया की इंग्रिट वालेंसिया से होगा जो रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता हैं।

### नीतू को रैफरी ने मुक्के बरसाने से रोका

हरियाणा की 22 वर्ष की नीतू रिंग में उतरने वाली पहली भारतीय रहीं, उन्होंने दूसरे राउंड में आरएससी के आधार पर जापान की माडोका वाडा को हराया। इस तरह उन्होंने अपने और भारत के लिए कम से कम एक कांस्य पदक पक्का किया। वहीं टूर्नामेंट में अपना पहला मुकाबला खेल रही स्वीटी ने अपनी शीर्ष वरीयता के अनुरुप प्रदर्शन करते हुए 2018 कांस्य पदक विजेता बेलारूस की विक्टोरिया केबिकावा पर 5-0 से जीत हासिल कर विश्व चैंपियनशिप का अपना दूसरा पदक पक्का किया।

## वनडे रैंकिंग : पांच पायदान के फायदे से 28वें स्थान पर शमी

# सिराज तीसरे स्थान पर खिसके, बिना मैच खेले हेजलवुड नंबर-1

एजेंसी ▶▶| दुबई

आस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड ने वनडे गेंदबाजों के लिए बुधवार को जारी ताजा आईसीसी रैंकिंग में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को शीर्ष स्थान से हटा दिया जिससे यह भारतीय तीसरे स्थान पर खिसक गया।

एक अन्य आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क भी ऊपर की ओर बढ़कर सिराज के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गए। सिराज इस साल जनवरी में वनडे में दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बने थे। मुंबई में तीन विकेट झटकने वाले स्टार्क ने विशाखापट्टनम में दूसरे वनडे में



पांच विकेट हासिल किए थे। हेजलवुड भारत के पूरे दौरे पर नहीं खेल पाए, लेकिन वह पहली बार वनडे में नंबर एक गेंदबाज बने। आईसीसी ने कहा, 'हेजलवुड ने अपने कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ दूसरा स्थान जून 2017 में हासिल किया था और जिस पर वह अगस्त 2022 तक काबिज रहे थे, वह पहली बार वनडे में नंबर एक गेंदबाज बने।' मोहम्मद शमी ने मुंबई में मैच विजयी स्पैल डाला था, वह भी पांच पायदान के फायदे से सूची में 28वें स्थान पर पहुंच गए।

### राहुल को तीन स्थान का फायदा

केएल राहुल तीन पायदान के फायदे से 39वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वनडे रैंकिंग में अन्य बल्लेबाजों में भारत के शुभमन गिल पांचवें और विराट कोहली सातवें स्थान पर बरकरार है जबकि कप्तान रोहित शर्मा एक पायदान के लाभ से नौंवे नंबर पर आ गए हैं। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं जिसमें श्रीलंका के खिलाफ बल्ले से उनके प्रदर्शन ने अहम भूमिका अदा की। टेस्ट में आस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन शीर्ष रैंकिंग बल्लेबाज बरकरार हैं।

## स्विस ओपन : सेन बाहर, श्रीकांत और मंजूनाथ अगले दौर में पहुंचे

एजेंसी ▶▶| बासेल

*राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन लक्ष्य सेन की खराब लय जारी रही जिससे वह बुधवार को यहां स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर से बाहर हो गए। किदाम्बी श्रीकांत ने बीडब्लूएफ विश्व टूर सुपर 300 टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। श्रीकांत को चीन के वेंग होंग यांग को 21-16, 15-21, 21-18 से हराने में मशक्कत करनी पड़ी।*

*अब वह दूसरे दौर में हांगकांग के चेयूक यियू ली से भिड़ेंगे जिन्होंने दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी सेन की चुनौती समाप्त की। आठवें वरीय सेन 18-21, 11-21 से मिली हार से पुरुष एकल स्पर्धा से बाहर हो गए। मिथुन मंजूनाथ ने नीदरलैंड के जोरान क्वीकेल पर सीधे गेम में 21-8, 21-17 से जीत दर्ज कर पुरुष एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। महिला युगल में सिक्की रेड्डी और आरती सारा सुनील की जोड़ी भी पहले दौर में हारकर बाहर हो गई। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दूसरी वरीयता प्राप्त पुरुष युगल जोड़ी ने मलेशिया के जिन युआन बून और टिएन सि वोंग को 21-15, 21-18 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह सुनिश्चित की।*




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# मिली नवनियुक्तिः साधारण परिवार से निकले सीपी जोशी के अध्यक्ष बनने से भाजपा परिवार में खुशी का माहौल

## कार्यकताओं ने खुशी जताते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया गया

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष सांसद सीपी जोशी को बधाई देते हुए प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं ने खुशी जताते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। राजस्थान भाजपा अब तक के सबसे युवा अध्यक्ष बने मिलनसार व्यक्तित्व के धनी चित्तौडगढ़ के सांसद सीपी जोशी 2019 के लोकसभा चुनाव में पूरे देश में सबसे अधिक मतों से चुनाव जीतने वाले पहले 10 सांसदों में से थे, वहीं राजस्थान में बड़ी जीत के मामले में वो दूसरे नंबर पर थे, इससे उनकी लोकप्रियता का अनुमान लगाया जा सकता है, विद्यार्थी परिषद से छात्रसंघ के अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने छात्र हितों में अनेकों आंदोलनों का नेतृत्व किया। पार्टी में बूथस्तर से शुरूआत की बाद में जिला महामंत्री, जिलाध्यक्ष, युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रहते हुए पार्टी संगठन को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाई। जिला परिषद सदस्य, उप-प्रधान से अपनी चुनावी राजनीति शुरू कर वें सांसद तक पहुंचे, उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र में कई राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताएं करवाकर खिलाडियों को एक मंच प्रदान किया। कोरोना के संकट के समय उनकी सक्रियता और सेवाभाव ने सबको प्रभावित किया, उनकी साधारण कार्यकर्ता की छवि कार्यकताओं को स्वाभाविक रूप से जोडती है।



सरल, सौम्य एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी, लोकप्रिय युवा सांसद के कुशल संगठनात्मक नेतृत्व में राजस्थान में भाजपा का और विस्तार कर कॉग्रेस सरकार के कुशासन के खिलाफ संघर्ष करेंगे।

**- प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह**



हम सब मिलकर 2023 में राजस्थान को कांग्रेस मुक्त बनाकर भाजपा बहुमत की सरकार बनाएगी। साथ ही जोशी को बधाई देते हुए उनकी नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार व्यक्ति किया।

**- निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां**



लंबे समय से संगठन से जुड़े विभिन्न दायित्वों का निवर्हन करने वाले जोशी निश्चित ही पार्टी को सफलता के नए मुकाम पर लेकर जाएंगे। साथ ही उनकी नियुक्ति पर प्रसन्नता जाहिर की, उनको आगामी कार्यकाल की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।

**- भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्षा वसुंधरा राजे**

भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री और राजस्थान की सह-प्रभारी विजया राहटकर ने जोशी की नियुक्ति पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनका सहज एवं विनम्र व्यक्तित्व पार्टी से नए एवं ऊजार्वान युवाओं को पार्टी से जोड़ने में सहायक होगा। राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी ने सांसद सीपी जोशी को भाजपा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जोशी के राजनीतिक अनुभव का भाजपा को निश्चित ही लाभ मिलेगा। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने सांसद सीपी जोशी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में प्रदेश भाजपा संगठन और अधिक सुद्दढ़ होगा। पार्टी नये किर्तिमान स्थापित करेंगी। केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि, पार्टी की निष्कर्म सेवा का पर्याय सांसद सीपी जोशी को पार्टी का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई। उन्होंने कहा कि उनकी कर्मठता अतुलनीय है। कर्मठ जनसेवक सदा कुशल संगठनकर्ता होता है। निश्चित ही आपके नेतृत्व में हम सभी साक्षी राजस्थान को नये उजाले की ओर



ले जाने में सफल होंगे। केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने जोशी की नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, भाजपा निश्चित रूप से आपके अनुभव और कार्यशैली में मरूधरा में कितीर्मान स्थापित करेगी। केन्द्रीय मंत्री कैलाश चैधरी ने सांसद सीपी जोश का शुभकामना देते हुए कहा कि आपके कुशल नेतृत्व में प्रदेश भाजपा संग्ठन और अधिक मजबूत होगा। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ओम माथुर ने सांसद सीपी जोशी को बधाई देते हुए कहा कि 2023 में उनके नेतृत्व में पार्टी निश्चित ही फतेह करेगी। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुवेर्दी ने सांसद जोशी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भाजपा कांग्रेस सरकार के कुशासन के खिलाफ मजबूत संघर्ष जारी रखेगी। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी ने सीपी जोशी को बधाई देते हुए कहा कि, आपके नेतृत्व में संगठन दिन दुगनी और रात चैगुनी तरक्की करेगा और 2023 और 2024 में हम भाजपा की ऐतिहासिक जीत प्राप्त करेंगे। विधानसभा सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि सांसद सीपी जोशी की नियुक्ति से हर वर्ग के क्षेत्र में हर्ष की लहर है। नये प्रदेशाध्यक्ष निश्चित रूप से कांग्रेस सरकार को उखाड फेंकने में सफल होंगे। सांसद राज्यवर्धन राठौड़ ने सांसद सीपी जोशी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके राजनैतिक अनुभव एवं नेतृत्व कौशल से पार्टी जनहित एवं विकास के मुददों पर जनता की सशक्त आवाज बनेगी। आपके नेतृत्व में घर-घर कमल खिलाने का अभियान नई ऊंचाई पर जाएगा।

# राजस्थान में कोइन किंग के नाम से मशहूर है भाई श्याम सुंदर सधनानी

### दर्जनों अवार्ड से सम्मानित , लिम्का बुक अवार्ड से भी है अभिनंदित





## ब्यावर शहर के नाम को भी किया गौरवान्वित

## पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने भी सधनानी की मुक्त कंठ से प्रशंसा की

गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** वैसे देखा जाए तो इस चराचर युग में कोई भी व्यक्ति अपने निष्काम कर्म की बदौलत ऊंचाई के चरम बिंदु पर पहुंच ही जाता है निसंदेह कलमकार का द्दष्टांत आज एक ऐसे व्यक्ति की ओर संकेत कर रहा है जिन्होंने अपने निष्काम कर्म से ऊंचाइयों के शिखर रूपी ताज से तिरोहित हुए हैं साथ ही अपने नाम के साथ अपने शहर के नाम को भी गौरवान्वित किया है बिल्कुल लेखनी का संकेत निष्काम कर्म के धनी भाई श्यामसुंदर सधनानी की ओर है जिन्होंने अपनी कर्मस्थली से एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है जिसकी बदौलत स्वयं के नाम के साथ शहर का नाम भी गौरवान्वित किया है प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिन पूर्व राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने ब्यावर के श्यामसुंदर सधनानी को लार्जेस्ट कलेक्शन ऑफ कोईन के सर्टिफिकेट का लोकार्पण किया साथ ही श्याम सुंदर के इस अद्भुत शौक की मुक्त कंठ से प्रशंसा की है।

### विश्व के 515 देशों के सिक्के एकत्रित किए

जानकारी के अनुसार पेशे से बर्तन व्यवसाई श्याम भाई को विद्यार्थी जीवन से ही सिक्के के प्रति लगाव रहा है 35 वर्षो के अथक मेहनत एवं प्रयासों के परिणाम स्वरूप उन्होंने विश्व भर के 515 देशों के नए पुराने सिक्के एकत्रित कर अपना नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी दर्ज करवाया है

### प्राचीन से नूतन तक के सिक्कों का अद्भुत कलेक्शन

श्याम भाई ने प्राचीन से नूतन तक अद्भुत सिक्कों का कलेक्शन किया है इनके कलेक्शन में एलेक जेंडर , नेपोलियन बोनापार्ट ,जॉर्ज वाशिंगटन, नेल्सन मंडेला, रानी एलिजाबेथ, अकबर बादशाह सहित कई मुगल बादशाह, रोमन,यूनान सभ्यता के सिक्के शामिल है ब्रिटिश इंडिया के द्वारा जारी एक,दो,पांच, दस व सौ रुपए के नोट एवं भारत सरकार द्वारा जारी किए गए स्मारक सिक्के जो 25, 50, 60, 100, 125, 150, 200, 400,500, 550 ?,1000 रुपए वर्ग मूल्य के सिक्के इनके कनेक्शन के शोभा बढ़ाते हैं।

### सिक्कों के कई रिकॉर्ड में नाम दर्ज


प्राप्त जानकारी के अनुसार श्याम भाई का सिक्कों के कई रिकॉर्ड में नाम इंद्राज है जैसे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड ,गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड , एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड साथ ही वर्ष 2014 में श्याम भाई उपखंड स्तर पर तथा वर्ष 2016 में जिला स्तर पर भी सम्मानित हो चुके हैं।

# ब्यावर जिले की घोषणा के बाद प्रथम रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

### शिविर में 80 यूनिट रक्तदान हुआ

गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** बलिदान दिवस पर शाहिद भगत सिंह, राजगुरु एवम सुखदेव की याद में भारत विकास परिषद ब्यावर शाखा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रकल्प प्रभारी राजेंद्र काबरा ने बताया कि शिविर का आयोजन सुराजपोल गेट स्थित अकाल राहत भवन में भारत विकास परिषद एवम एस एन टेलर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। एस एन टेलर फाउंडेशन के रविन्द्र टेलर ने बताया कि शिविर का शुभारंभ आज के मुख्य अतिथि ब्यावर नगर परिषद सभापति नरेश कनौजिया, एस एन टेलर फाउंडेशन के एस एन टेलर , भारत विकास परिषद के अध्यक्ष दीपक झंवर एवम सचिव प्रशांत पाबूवाल द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलन कर किया गया। भारत विकास परिषद के सह सचिव कन्हैयालाल शर्मा ने बताया कि उक्त शिविर में कुल 80 यूनिट रक्तदान किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य अतिथि नरेशजी कनौजिया का माल्यार्पण, शाल ओढ़ाकर एवम उपरना पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ब्यावर नगर परिषद के पार्षद हरीश सांखला, मोती सांखला, त्रिलोक शर्मा एवम रवि चौहान का भी माला पहनाकर एवम शाल ओढ़ाकर स्वागत किया गया।एस एन टेलर फाउंडेशन की तरफ से सभी रक्तदाताओं को माला पहनाकर एवम भारत विकास परिषद की तरफ से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।भारत विकास परिषद के सदस्य अशोक मेवाड़ा ने सभी रक्तदाताओं को जूस पिलाकर अपनी सेवाएं प्रदान की। वरिष्ठ सदस्य लालचंद हेडा ने सभी रक्तदाताओं के लिए प्रशस्ति पत्र बनाए शिविर में शाखा सदस्य राजेंद्र बडगोती एवम उनके पुत्र तुषार बडगोती , अनुज खंडेलवाल, एवम अरविंद सर्राफ ने रकदान किया। परिषद सदस्यों के परिवार से श्यामसुंदर गुप्ता के पुत्र श्रेवांश गुप्ता एवम पुत्री शिवाली गुप्ता, राजेंद्र खंडेलवाल के पुत्र शालीन खंडेलवाल एवम अनिल सर्राफ के पुत्र अनीश सर्राफ ने रक्तदान का पुनीत कार्य किया। हर बार शिविर में सहयोग करने वाले आदित्य ग्रुप लामाना से श्रीकांत बाहेती एवम पत्नी सुरभि व प्रियम - साक्षी भराड़ीया ने जोड़े से रक्तदान किया कार्यक्रम में अकाल राहत समिति से अध्यक्ष नेमीचंद सर्राफ, मंत्री मदन मोहन मोदी रमेश बंसल एवम कमल मुरारका , भारत विकास परिषद से अमरचंद मूंदड़ा, राधामोहन जोशी, मुकेश गर्ग, नरेश मित्तल , अनिल भारडिया, संदीप नाहटा,पंकज बंट, कमलेश बंट, निशा खंडेलवाल, एस एन फाउंडेशन से डा सत्यनारायण टेलर, डा रविन्द्र टेलर, अक्षत टेलर, डा आई एम खींचा, डा बी एस सोढ़ी, डा बी एल फानन, डा सुमेर लटियाल एवम डा शंकरलाल चौधरी ने शिरकत की। अमृत कौर ब्लड बैंक से उपस्थित ब्लड बैंक प्रभारी मुकेश भागवत , लेब टेक्निशन टीम आदि का परिषद की तरफ से माला एवम उपरना पहनाकर सम्मान किया गया। अभी बिल्कुल खाली हुवे आज स्टॉक 0 होने पर अति आवश्यकता की पूर्ति के साथ एकत्रित ब्लड को अमृत कौर ब्लड बैंक में जमा करवाया कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र काबरा द्वारा किया गया।





# श्यामपुरा गांव में शहीद दिवस पर भूतपूर्व सैनिकों का हुआ सम्मान



गरीबों का सितारा

**खाचरियावास (विनोद धायल)।** ग्राम श्यामपुरा में भगत सिंह,राजगुरु और सुखदेव की शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गांव श्यामपुर के भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान रिच्छपाल धायल ने कहा कि हमें शहीदों का सम्मान करना चाहिए। भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बारे में पढ़ना चाहिए। हमें उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। इस अवसर पर रामनिवास धायल, बन्ने सिंह फौजी, यशपाल धायल, राजकुमार धायल बनवारी लाल शर्मा, रिच्छपाल सिंह, हरफूल सिंह, गणेश कांटवा उपसरपंच महेश सैनी, किशन लाल, नरेंद्र कंवर, विरेंद्र कुमार, रिछपाल धायल, पेमाराम धायल, गजानन्द धायल, शिव भगवान शर्मा, अभिनव शर्मा चिकित्सा अधिकारी, तुलसीराम गुर्जर, बनवारी लाल शर्मा, राम कुमार धायल, हर फूल धायल, रामनिवास धायल, मोहन लाल धायल, रामचन्द्र धायल, शिशुपाल धायल, जय प्रकाश धायल, रामेश्वर धायल, श्याम लाल धायल, श्रवण कुमार धायल पार्षद, अर्जुन लाल धायल, मदन धायल, जीवन सिंह, गोपाल जांगिड, संतोष जांगिड, राजकुमार धायल, त्रिलोक धायल, गिरधारी नेहरा, सतपाल नेहरा, अरविंद शर्मा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।




स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com